तापमान

अधिकतम 33.4 डिग्री

न्यूनतम 26.4 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 10 सितंबर 2025





फाउंडेशन के रास डांडिया में 25 को आएंगी नेहा धूपिया



## खबर संक्षेप

### करवट बदल सकता है मौसम, अलर्ट जारी

**बिलासपुर।** मौसम विभाग द्वारा मानसूनी बारिश को लेकर एक बार फिर अलर्ट किया गया है, मौसम के करवट बदलने की आशंका बनी हुई है और प्रदेश सहित जिले में जल्द ही बारिश हो सकती है। हालांकि मंगलवार का दिन उसम भरी गर्मी के बीच बीता। प्रदेश में मौसम का मिजाज अगले दो दिनों में बदल सकता है। आसमानी गर्जना के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की आशंका मौसम विभाग जता चुका है। जिले के लिए विभाग ने आरेंज अलर्ट जारी किया है। अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री दर्ज किया गया। विभाग के अनुसार मानसून द्रोणिका देवमाली, छपरा, दीघा और बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है। उड़ीसा व आंधप्रदेश के बीच चक्रवाती हवाओं का जोर मौसम में बदलाव का कारण बन सकता है।

# 21 नए स्टेशन बनेंगे, 48 बड़े ब्रिज, 14 फ्लाई ओवर का होगा निर्माण

मनीष वर्मा ⏭ बिलासपुर

खास खबर

केन्द्र शासन और रेल मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के लिए 8741 करोड़ रुपए की लागत से खरसिया से बिलासपुर, बिलासपुर से रायपुर और परमालकसा तक पांचवीं और छठवीं लाइन को हरी झंडी दे दी है। इस प्रोजेक्ट में 21 नए स्टेशन बनेंगे तो 48 बड़े ब्रिज, 349 माइनर ब्रिज, 14 फ्लाई ओवर और 184 अंडरपास का निर्माणहोगा। रेल मंत्रालय से कार्य स्वीकृत होने के उपरांत एसईसीआर के अफसरों ने लाइन बनाने के लिए सर्वे कार्य भी पूरा कर लिया है, जिसमें करीब 800 हेक्टेयर निजी और सरकारी भूमि लाइन बनाने में बाधा बन रही है। भूमि अधिग्रहण के लिए रेलवे की ओर से अब राज्य सरकार को पत्र लिखने की तैयारी की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक रेलवे के लाइन बनाने का मुख्य उद्देश्य यात्री गाड़ियों के साथ मालगाड़ियों का परिचालन सुचारू रूप से किया जाना है, ताकि किसी भी ट्रेन के कारण दूसरी ट्रेन के परिचालन पर प्रभाव न पड़े।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन अंतर्गत अधोसंरचना के नाम पर तीसरी लाइन और चौथी लाइन का काम पिछले 10 साल से किया जा रहा है। बिलासपुर डिवीजन में चौथी लाइन का कार्य बिलासपुर से झारसुगुड़ा रेलवे स्टेशन तक, तीसरी लाइन का कार्य रायपुर डिवीजन और नागपुर डिवीजन के बीच हो रहा है। अब तक किए गए रेल लाइन के कार्य में पेण्ड्रारोड से कटनी मुड़वारा के बीच तीसरी लाइन के कार्य पूरे हो चुके हैं। तीसरी और चौथी लाइन के बाद अब रेल मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के लिए पांचवीं और छठवीं लाइन बनाने के लिए 8741 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कर दी है।



- खरसिया, बिलासपुर , दुर्ग, रायपुर सहित अन्य स्टेशनों से परमालकसा तक सर्वे का काम पूरा
- 800 हेक्टेयर से अधिक भूमिग्रहण करने के बाद बनेगी 8741 करोड़ की पांचवीं और छठवीं लाइन

### सर्वे टीम ने रिपोर्ट जोनल मुख्यालय को दी

इसके बाद खरसिया से बिलासपुर, बिलासपुर से रायपुर और रायपुर से परमालकसा तक लाइन बनाने का कार्य करने से पहले सर्वे का काम भी पूरा हो चुका है। खरसिया से लेकर परमालकसा तक पांचवीं और छठवीं लाइन बनाने से पहले किए गए सर्वे के कार्य में रेल अफसरों को निजी और सरकारी भूमि की जानकारी मिली। इसमें करीब 800 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण करने की रिपोर्ट सर्वे के दौरान बनाई गई। इन स्टेशनों के बीच डोंगरगढ़, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, रायपुर सहित अन्य छोटे-बड़े स्टेशन भी आ रहे हैं, जहां से लाइन बनाने का काम किया जाएगा। सर्वे करने के बाद टीम ने अपनी रिपोर्ट जोनल मुख्यालय को सौंप दी है।

### 615 किमी लंबी पटरियां बिछेंगी, पांच फ्लाईओवर भी

इस पूरे प्रोजेक्ट के दौरान लाइन बिछने पर छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क का और सुधार होगा और यात्रियों को सुविधाएं मिलेंगी। इसे देश के सबसे बड़े टॉप 10 प्रोजेक्ट में से एक माना जा रहा है। इससे छत्तीसगढ़ के रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, बलौदा बाजार, दुर्ग, राजनांदगांव जैसे जिले जुड़ेंगे। स्थानीय स्तर पर निवासियों को दिक्कत न हो, इसके लिए पांच रेल फ्लाई ओवर भी निर्मित किए जाएंगे। यह प्रोजेक्ट बहुत ही बड़ा है, जिसमें 278 किमी का रूट है। इस रूट में 615 किमी लंबी पटरियां बिछाने का काम होगा। रूट निर्माण के बाद आठ से ज्यादा मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। वहीं रेल नेटवर्क निर्माण से करीब 22 करोड़ लीटर डीजल की बचत से 2500 करोड़ रुपए का राजस्व भी बचेगा।

### नहीं होगी यात्री ट्रेनें प्रभावित

स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए रेलवे अब बायपास पद्धति को अपना रही है। इसके तहत मालगाड़ी को शहर के बाहर से निकालने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं यात्री गाड़ियों को शहर के अंदर एंट्री दी जाएगी। इस रेल लाइन निर्माण के दौरान भी इस पर पूरा फोकस रहेगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत डोकर और कोसा सिल्क के उत्पादन वाले इलाके भी रेल लाइन के जरिए जुड़ेंगे। इसके चलते दो करोड़ लोगों को स्थानीय स्तर रोजगार के अवसर भी मिलने की बात कही जा रही है।

### राशि स्वीकृत हो गई

खरसिया से परमालकसा तक पांचवीं और छठवीं लाइन के लिए राशि स्वीकृत हो गई है। सर्वे का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। रेल लाइन बनाने में भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा, जिसमें करीब 800 हेक्टेयर से अधिक निजी और शासकीय भूमि आ रही है। इस भूमि अधिग्रहण के कार्य को राज्य शासन करके रेलवे को देगी, जिसके बाद लाइन बनाने का काम होगा।

\- सुस्कर विपुल विलास राव
सीपीआरओ, एसईसीआर

निर्वाचन आयोग व मोदी सरकार पर कांग्रेस ने बोला हमला, कहा- वे चाहते हैं कि एक ही पार्टी की सत्ता रहे



## पायलेट ने मंच से पीएम मोदी व गृहमंत्री को दी चुनौती, कहा

# 11 सालों में कितने भाजपा नेताओं के यहां मारे छापे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुंगेलीनाका के ग्रीन गार्डन में मैदान में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान तहत कांग्रेस ने मोदी सरकार और निर्वाचन आयोग पर जमकर हमला बोला। कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव एवं छग प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने मंच से पीएम नरेन्द्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह को चुनौती देते हुए कहा कि पिछले 11 सालों में कितने भाजपा नेताओं के यहां छापे मारे बताएं। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि देश में एक ही पार्टी का राज रहे और एक ही पार्टी की विचारधारा हावी रहे।

इस अभियान का नेतृत्व कर रहे छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि एक व्यक्ति एक वोट देने का अधिकार सभी के पास है और उसी लोकतंत्र के ईमारत पर बहुत से नेता बने हैं। आज हमें चिंता इस बात की है कि जो व्यवस्था कांग्रेस ने निर्मित की थी उस व्यवस्था को जानबूझकर कमजोर किया जा रहा है। हमारी संवैधानिक संस्थाओं में सबसे महत्वपूर्ण कुर्सी मुख्य निर्वाचन आयुक्त की है। पहले मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन प्रधानमंत्री, प्रतिपक्ष नेता और चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया तीन लोगों की कमेटी मिलकर करती थी। लेकिन मोदीजी की सरकार आने के बाद यह व्यवस्था बदल दी गई और चीफ जस्टिस को हटाकर उनकी जगह पर गृहमंत्री को बिठा दिया गया। अब दो-एक के बहुमत से जिसे चाहो मुख्य चुनाव आयुक्त बना दो। यह बदलाव किसलिए किया गया है। ⏭ शेष 2 पर



### छग की सरकार पर भी बोला हमला

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पर भी हमला बोलते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ की सरकार बने पौने दो साल हो गए। क्या-क्या वादे किए थे। एक लाख लोगों को रोजगार देंगे, 500 रुपए में गैस सिलेंडर देंगे। मैं नई सरकार से पूछना चाहता हूं कि 10463 स्कूलों को बंद कर दिए और लोगों को सड़कों पर ले आए। सरकार डबल इंजन की बनाना चाहते हैं और वादाखिलाफी करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि खाद, बीज, पानी और बिजली से कोई मतलब नहीं है। इसलिए इस सरकार को भी बदलना है पर सबसे पहले लोकतंत्र की रक्षा करना है।

### भूपेश ने कहा कका अभी जिंदा है

मुंगेलीनाका मैदान में सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने नारेबाजी कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उत्साहित करते



अपनी बात कका अभी जिंदा है कहकर शुरू करते हुए कहा कि हम मतदाता के प्रति जिम्मेदार थे इसलिए पांच साल में बिजली का बिल नहीं बढ़ाए। भाजपा को कोई फर्क नहीं क्योंकि वे वोट चोरी करते हैं। आज बिजली का झटका दे रहें हैं, खाद नहीं है, जंगल काट रहे तहस-नहस बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर हम सब ईवीएम पर शंका करते थे लेकिन 7 अगस्त को राहुल गांधी ने कर्नाटक के एक विधानसभा का आंकड़ा रखकर प्रमाण सहित अपनी बात रखें और निर्वाचन आयोग पर सवाल खड़े किए।

### एक साथ नजर आए प्रदेशभर के सारे कांग्रेस नेता

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर से वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान का कांग्रेस आगाज कर रही है। कांग्रेस के कार्यकर्ता और अचंलवासियों की ओर से हम सचिन पायलट को साधुवाद देते हैं कि न्यायधानी से भाजपा के खिलाफ हल्ला बोलने के अभियान की शुरुआत की जिम्मेदारी हम सब कार्यकर्ताओं को दी। सभा में उमड़ी भीड़ इस बात का सबूत है कि भाजपा के वोट चोरी से कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता और मतदाता बेहद नाराज है। मंच संचालन जिला प्रभारी सुबोध हरितवाल ने और आभार प्रदर्शन शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय ने किया। कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, सह प्रभारी विजय जांगिड, संपत कुमार, जरिता लेटफ्लांग, नेता प्रतिपक्ष डा चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, कांग्रेस सचिव विधायक देवेन्द्र यादव, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, ताम्रध्वज साहू, मो. अकबर, उमेश पटेल, मोहन मरकाम, अमरजीत भगत, धनेन्द्र साहू, अरूण वोरा, सत्यनारायण शर्मा, विधायक दिलीप लहरिया, विधायक अटल श्रीवास्तव, पूर्व विधायक शैलेष पांडेय, रश्मि सिंह आशीष सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ⏭ शेष 2 पर

# तोखन ने राजनाथ से किया संयुक्त बैठक का आग्रह



**बिलासपुर।** बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट से हवाई सेवाओं के विस्तार और उन्न्यन कार्यो को लेकर केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। उन्होंने एयरपोर्ट के आसपास स्थित रक्षा मंत्रालय की 1012 एकड़ भूमि राज्य सरकार को हस्तांतरित करने के संबंध में एक संयुक्त बैठक बुलाने का आग्रह किया।

बिलासपुर छत्तीसगढ़ का दूसरा सबसे बड़ा शहर और एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र है। उच्च न्यायालय के साथ-साथ एसईसीएल, एनटीपीसी और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जैसी अनेक केंद्रीय संस्थाओं के मुख्यालय स्थित हैं। इसके अलावा, शहर में कई महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थान भी है। श्री साहू ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से कहा कि मौजूदा हवाई सुविधाएँ शहर की बढ़ती आवश्यकताओं के अनुरूप पर्याप्त नहीं हैं और लंबे समय से इनके विस्तार व उन्न्यन की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे के विस्तार में राज्य सरकार और रक्षा मंत्रालय के बीच फंसे जमीन विवाद सबसे बड़ी अड़चन है। यहां 1012 एकड़ जमीन रक्षा मंत्रालय ने आर्मी ट्रेनिंग सेंटर के लिए अधिग्रहित की थी, लेकिन अब ट्रेनिंग सेंटर रायपुर में स्थापित हो चुका है। यह जमीन रक्षा विभाग के लिए अनुपयोगी है। रनवे विस्तार के लिए केवल 290 एकड़ भूमि की आवश्यकता है लेकिन भूमि के मुआवजे को लेकर राज्य सरकार और रक्षा मंत्रालय के बीच मतभेद बना हुआ है। इस मुद्दे के समाधान के लिए श्री साहू ने रक्षा मंत्री से अनुरोध करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार और रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक आयोजित करने की बात कही है। संवाद और सहयोग से कोई ठोस समाधान निकलेगा, जिससे हवाई सेवाओं के विस्तार का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा।

# ट्रेन में गांजा तस्करी करने वाले आरोपी को 5 साल कैद

**बिलासपुर।** कोर्ट ने ट्रेन में गांजा तस्करी करते हुए पकड़े गए तस्कर को 5 साल कैद व 50 हजार रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है।

- 50 हजार रुपए जुर्माना देना होगा

20 मार्च 2024 को जीआरपी ने मुखबिर की सूचना पर उसलापुर रेलवे स्टेशन में घेराबंदी कर प्लेटफार्म नम्बर 2 शौचालय के पास से दिल्ली एकता बिहार सेक्टर 5 निवासी अंजीत दास पिता जगेश दास 46 साल को पकड़ लिया। पीठ्ठु बेग की तलाशी लेने पर 8 किलो गांजा मिला। जीआरपी ने गांजा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। 8 सितंबर को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस पुष्पलता मारकण्डे ने सुनवाई के बाद आरोपी अंजीत दास को 5 साल कैद व 50 हजार रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है। जुर्माना की राशि नहीं पटा पाने पर 2 माह अतिरिक्त सजा काटना होगा। शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता संजय नामदेव ने पैरवी की है।

# 2 लाख का असली ब्रेसलेट लेकर महिला ने थमाया नकली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- फरार महिला पर धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज


नकली सोने का ब्रेसलेट सराफा व्यापारी को थमा कर एक महिला असली 1 लाख 86 हजार के सोने का ब्रेसलेट लेकर रफूचक्कर हो गई। महिला के जाने के बाद व्यापारी ने उक्त ब्रेसलेट को चेक किया तो नकली निकला। व्यापारी ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, सदर बाजार निवासी अजय कुमार शाह पिता स्व. दाउराम शहर 62 साल सोने चांदी की दुकान चलाते है। 9 सितंबर को वह दुकान में बैठे हुए थे। दोपहर 1 बजे एक महिला उम्र करीब 45 साल रंग सावली, काले रंग की सलवार सूट पहनी हुई उनके दुकान में आई। उसने एक पुराना सोने का का ब्रेसलेट वजन 1905 ग्राम कीमत 1 लाख 65 हजार को दिखाई। पुराने सोने के ब्रेसलेट के बदले में उनसे नया सोने का ब्रेसलेट 15.4 ग्राम 1 लाख 86 हजार का पसंद की। पुराने सोने ब्रेसलेट व 20 हजार रुपए देकर महिला ने उनसे नया सोने का ब्रेसलेट लेकर रफूचक्कर हो गई। महिला के जाने के बाद संदेह होने पर व्यापारी ने महिला के द्वारा दिए गए ब्रेसलेट की जांच की तो उनके पैरो तले जमीन खिसक गई उक्त ब्रेसलेट नकली निकला। व्यापारी ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।




## खबर संक्षेप

### भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव पायलट ने आशा सिंह को दी श्रद्धांजलि



**बिलासपुर।** स्व. श्रीमती आशा सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन करने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट उनके निवास पर पहुंचे। स्व. श्रीमती आशा सिंह पूर्व विधायक स्व. बलराम सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता आशीष सिंह की माता एवं तखतपुर की पूर्व विधायक रश्मि सिंह की सासु मां थीं।

### स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में क्विज प्रतियोगिता



**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में 8 सितंबर को छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर आयोजित प्राचीन और वर्तमान छत्तीसगढ़ की प्रगति, योजनाओं पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के 37 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें बीए तृतीय वर्ष की छात्रा एकता जायसवाल प्रथम, चोलेशवर साहू बीए तृतीय वर्ष द्वितीय और अक्षय कुमार यादव तृतीय रहे। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. संजय धनवानी, डॉ.रामेश्वरी बंजारा, प्रो.कृतिका साहू ने परीक्षा आयोजन और मूल्यांकन कार्य किया। प्राचार्य डॉ. यूके श्रीवास्तव और मुख्य संयोजक प्राध्यापक डा.राजकुमार सचदेव ने प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। रजत जयंती समारोह के दूसरे दिन मेरे सपनों का छत्तीसगढ़ पर निबंध प्रतियोगिता संपन्न होगी।

### हड़तालः कर्मचारियों ने अरपा में किया जल सत्याग्रह

**बिलासपुर।** राष्ट्रीर स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर आर या पार की लड़ाई लड़ रहे है। मंगलवार को अनिश्चित कालीन आंदोलन का 23वां दिन रहा, 735 कर्मचारियों ने अरपा नदी में जल सत्याग्रह किया। कोन्हेर गार्डन में स्वास्थ्य कर्मचारियों की भारी भीड़ सुबह 11 बजे से लगी रही। कर्मचारियों द्वारा सभा की गई, इसके बाद देवकी नंदन चौक, प्रताप चौक होते हुए रामसेतु तक रैली निकाली गई। रामसेतु के समीप अरपा नदी में उतर कर नियमितीकरण और ग्रेड पे का नारा लगाया गया, कर्मचारियों द्वारा जल सत्याग्रह का प्रदर्शन किया गया। ज्ञात हो कि हड़ताली कर्मचारी 18 अगस्त से स्वास्थ्य विभाग का काम त्याग चुके है। कर्मचारियों का रोटी, सम्मान और न्याय का संघर्ष जोरों पर है। कार्यकारी प्रांताध्यक्ष श्याम मोहन दुबे ने कहा कि सरकार हमारी बात नहीं रहे है, कर्मचारी चुप नहीं बैठेंगे और नियमिती करण तक विरोध जारी रहेगा। कर्मचारियों की हड़ताल से जिला अस्पताल, पीएचसी , सीएचसी , हेल्थ सब सेंटर मेंटल हॉस्पिटल, सीएमएचओ कार्यालय के कार्य ठप हो चुके है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### 11 सालों में कितने भाजपा नेताओं...

श्री पायलट ने कहा कि आप चाहते हो कि एक पार्टी का सत्ता हो और एक ही पार्टी की विचारधारा हावी रहे। हम देश में कितना धरना प्रदर्शन करें, वोट मांगें लेकिन जब चुनाव कराने वाली संस्था पारदर्शी नहीं होगी तो क्या मतलब। सचिन पायलट ने निर्वाचन आयोग और भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी निर्वाचन आयोग से सवाल करते हैं तो जवाब भाजपा के प्रवक्ता देते हैं। भाजपा के प्रवक्ता निर्वाचन आयोग का बचाव करने में लगे हैं ऐसा नहीं चलेगा। वोट चोरी करने वालों को गद्दी छोड़नी पड़ेगी। क्योंकि वोट के अधिकार से वंचित करना लोकतंत्र में सबसे बड़ा पाप है। उन्होंने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से आव्हान करते हुए कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को देश की लोकतंत्र की रक्षा के लिए आम गरीब जनता की वोट की रक्षा के लिए सामने आना पड़ेगा और इसके लिए राहुल गांधी ने संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता और पैसा के दम पर डराकर हमारे नेताओं को बंद करना चाहती है। ये ईडी, सीबीआई, इन्कम टैक्स सिर्फ मीडिया और विपक्षी नेताओं को दबाने इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री को चुनौती देना चाहता हूं कि पिछले 11 सालों में कितने भाजपा नेताओं के यहां छापा मारे हैं। उन्होंने पूछा कि आपके सारे नेता साधु हैं सब दूध के धुले हैं क्या। यह चुनौतीपूर्ण समय है आज नेताओं को टारगेट कर रहे हैं कल जो उनसे मुखातिब नहीं होगा उस पर दबाव की राजनीति करेंगे। इसलिए इन लोगों को सबक सिखाने के लिए गांधीवादी अहिंसावादी तरीके से संकल्प लेकर जनता के बीच जाएंगे।

### एक साथ नजर आए...

**आयोग के एजेंट रूप में काम कर रहीः** नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भी विधानसभा चुनाव में 44 विधानसभा के रिकार्ड बदले गए हैं। वोटिंग खत्म हुआ तो पहले 62 प्रतिशत, दूसरे दिन 67 प्रतिशत और जब रिजल्ट आया तो सोनहत भरतपुर का 87 प्रतिशत आया। इसकी शिकायत भी कांग्रेस ने की थी। आज राहुल गांधी जवाब मांग रहे हैं कि वोटर लिस्ट में गड़बड़ी क्यों हो रही है उनके पास जवाब नहीं है। रिकार्ड मिटाए जा रहे हैं। भाजपा निर्वाचन आयोग के एजेंट के रूप में काम कर रही है।

### अभियान को जन-जन तक पहुंचाना

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश स्तरीय इस कार्यक्रम ने आज साबित कर दिया कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी मजबूत है। आज इस न्यायधानी धरती से भाजपा सरकार को चुनौती दे रहा हूं कि राहुल गांधी ने वोट चोर गद्दी छोड़ का शंखनाद कर दिया है। हमको इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाना है।

### चुनावों में मतदाता सूची में गड़बड़ी

पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि मुझे 50 साल जमीनी स्तर पर राजनीति करते हो गए। लेकिन जिस तरह से चुनाव आयोग गड़बड़ी कर रही है उससे पंचायत, निकाय चुनाव से लेकर विधानसभा, लोकसभा चुनावों में मतदाता सूची में गड़बड़ी सामने आई है और बहुत से लोगों के नाम कट गए या एक-एक घरों में 20-20 से अधिक लोगों के नाम पाए गए। यहां तक चुनाव की घोषणा भाजपा कार्यालय से हो रहा है।

---

पार्षदों को मिलने वाली 6 लाख की राशि में से भी तीन लाख ही मिले

# 6 महीने से नहीं मिला फंड, निगम के पास सड़क- नाली मरम्मत तक के पैसे नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बिलासपुर नगर निगम की माली हालत इन दिनों बेहद खराब है। वार्डों में सड़क, नाली निर्माण और छोटे-मोटे मरम्मत के कार्यों के लिए पार्षदों को जोन और निगम मुख्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। करोड़-दो करोड़ तो दूर जनप्रतिनिधि अपने वार्डों में दो-पांच लाख का भी काम नहीं करा पा रहे हैं। दो-तीन महीने से उनके प्रस्तावों की फाइल फंड नहीं होने के कारण निगम दफ्तरों में धूल खा रही है और जनप्रतिनिधियों को लोगों के सवालों के जवाब देते नहीं बन रहा है। हाल यह है कि पार्षदों को हर साल मिलने वाली 6 लाख रुपए की निधि भी बड़ी मुश्किल से आधी 3 लाख ही मिली है। यही नहीं महापौर को भी ढाई करोड़ में से एक ही किश्त सवा करोड़ रुपए की मिली है। शहर के करीब हर वार्ड में हालत खराब है और शहरवासी परेशान हो रहे हैं।



■ पार्षदों को जोन और निगम मुख्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं

नगर निगम की नई कार्यकारिणी को बैठे करीब छह महीने हो गए। इस दौरान कुछेक पार्षदों के वार्ड में ही काम हो पाए हैं। ज्यादातर पार्षद अपने प्रस्ताव लेकर कभी जोन तो कभी निगम मुख्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। शहर के बीच स्थित तालापारा, मगरापारा, श्रीकांत वर्मा मार्ग, विनोबानगर में सड़क और नाली निर्माण के अलग-अलग करीब आधा दर्जन प्रस्ताव पिछले तीन महीने से निगम के जोन दफ्तर में लंबित पड़े हैं। वार्ड की कांग्रेसी पार्षद और निगम की उप नेता प्रतिपक्ष श्रीमती संतोषी रामा बघेल कहा कि कि स्थिति यह हो गई है कि मरम्मत के लाख-दो लाख की फाइल भी स्वीकृत नहीं हो रही है। दरअसल इस बार अधिकांश पार्षद नए हैं और पहली बार चुनकर आए हैं। पिछले पांच-छह महीने से अपने वार्डों में कुछ भी काम नहीं करा पाने की खीझ उनमें देखी जा रही है। पिछले दिनों एमआईसी की बैठक में भी यह बात सामने आई थी। नए पार्षद अपना धैर्य भी खोते जा रहे हैं।

### 10 करोड़ के कामों का प्रस्ताव लंबित

शहर के 70 वार्डों को मिला लें तो करीब 10 करोड़ के कामों के प्रस्ताव निगम के पास हैं। पार्षद इन कामों को लेकर लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं लेकिन कोई सही जवाब नहीं मिल रहा है। वार्ड क्रमांक 42 देवरीखुर्द क्षेत्र के पार्षद लक्ष्मी यादव के अनुसार उनके वार्ड में सबसे बड़ी समस्या पानी की है। इसके अलावा सड़क कई जगहों पर खराब है। नालियों की सफाई नहीं हो रही है। रिपेयरिंग के काम कई जगहों पर होने है लेकिन बजट नहीं होने का हवाला देते हुए फाइल लौटा दी जा रही है। ध्यान रहे कि तिफरा और सिरगिट्टी क्षेत्र के लोगों ने समस्याओं को लेकर निगम का घेराव भी किया था।

### अधोसंरचना मद की नहीं मिली राशि

इसी तरह दूसरे वार्डों के पार्षदों का कहना है कि निगम की माली हालत अभी खराब है। निगम अभी कर्ज में है। दरहर साल राज्य शासन से जोनों को अधोसंरचना मद में पांच से छह करोड़ रुपए मिलते हैं। इस साल अब तक यह फंड नहीं आया है। अधिकारियो का कहना है कि इस बारे में नगरीय प्रशासन मंत्रालय के पास फाइल भेजी गई है। जल्द ही राशि स्वीकृत होने की उम्मीद है। इधर हाल यह है कि नगर निगम में प्लेसमेंट पर सफाई का काम के करने वाले सफाई कर्मचारियों को भी तीन से चार महीने का भुगतान नहीं हुआ है। गौरतलब है कि 70 वार्डों में करीब तीन हजार सफाईकर्मी कार्यरत हैं और इनका हर महीने करीब ढाई करोड़ का पेमेंट भुगतान बनता है।

### जरूरत के हिसाब से कराए जा रहे काम

यह सही है कि नगर निगम पार्षदों को मिलने वाली 6 लाख की राशि में से अभी 3 लाख ही मिले हैं। महापौर निधि भी सवा करोड़ ही मिली है। राज्य सरकार की ओर से दूसरी किश्त जल्द जारी करने की बात कही गई है। इसके लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद वार्डों को फंड जारी किए जाएंगे। निगम और जोन आफिसों में लेकिन बजट की समस्या नहीं है। जरूरत के हिसाब से काम कराए जा रहे हैं।

– **श्रीमती पूजा विधानी**, महापौर, बिलासपुर

## अशोकनगर की सड़क में बड़ा गड्ढा बना जानलेवा



अशोकनगर से बिरकोना जाने वाली सड़क में मंगलवार को अचानक बड़ा गड्ढा हो गया। आने जाने वालों ने लोगों को सचेत करने के लिए गड्ढे के आसपास पेड़ की डंगाल लगा दी है लेकिन ये जानलेवा गड्ढा लोगो के लिए खतरा बना हुआ है। यदि स्ट्रीट लाइट बंद हुई तो हादसा तय है।

सीवरेज के गड्ढे के बाद अब अमृत मिशन शहर को नासूर देने लगा है। पाइप बिछाने के बाद बेहतर फिलिंग नहीं होने के कारण सड़क में गड्ढे होने लगे है। मंगलवार को अशोक नगर से बिरकोन रोड अचानक बड़ा सा गड्ढा हो गया। सड़क की फिलिंग अच्छे से नहीं होने के कारण कई जगह की मिट्टी बैठने लगी है। पिछले दो तीन दिनों से सड़क बैठ रही थी लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया और बड़ा सा गड्ढा हो गया। बीच सड़क में लगभग चार फीट चौड़ा और 6 फिट लंबा गड्ढा बन गया। ये गड्ढा अंदर तक खोखला हो गया है। इसके और बढ़ने की संभावन है। अब ये गड्ढा बड़े हादसे को आमंत्रित कर रहा है। जरा सी लापरवाही जानलेवा हो सकता है। जबकि इस सड़क में रेत, गिट्टी, ईंट आदि बिल्डिंग मटेरियल की सप्लाई करने वाले ट्रेक्टर, हाइवा दिनभर चलते है। इसके अलावा दर्जनभर से ज्यादा स्कूल की बसें चलती है। अशोक नगर से बिरकोन जाने वाली इस सड़क में रोज ढाई हजार के आसपास दोपहिया, चारपहिया वाहनों का आना जाना है। यदि जल्द ही गड्ढे को पाटा नहीं गया तो बड़ा हादसा हो सकता है।



## वन अधिकार पट्टे के तहत प्राप्त भूमि का हो सकेगा नामांतरण बंटवारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर




टीएल की बैठक में फ्लैगशिप योजनाओं पर चर्चा करते कलेक्टर।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने साप्ताहिक टीएल की बैठक में आज राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि वन अधिकार पट्टे के तहत प्राप्त भूमि का नामांतरण एवं बंटवारा भी राजस्व भूमि की तरह हो सकेगा। राज्य शासन से इस संबंध में मिले दिशा-निर्देशों के अनुरूप अधिकारी इस तरह के लंबित सभी प्रकरणों का तेजी से निराकरण करें। उन्होंने छापेमारी में निजी दुकानदारों से जब्त यूरिया एवं अन्य खाद का किसानों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि निर्धारित मूल्य से ज्यादा किसी भी खाद का बाजार में विक्रय नहीं होने चाहिए। कृषि विभाग के अधिकारी इस पर सतत निगरानी कर छापामार शैली में कार्रवाई जारी रखें। दोषी लोगों के विरूद्ध पुलिस थाने में एफआई आर भी दर्ज किया जाए।

कलेक्टर ने बैठक में बंद हो चुकी योजनाओं के बचे रकम को संचित निधि में जमा करने के निर्देश दिए। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता से करके तीन दिवस में जिला कार्यालय को सूचित करने कहा।

### ज्वाइनिंग नहीं देने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई हो

नए स्कूल में ज्वाइनिंग नहीं देने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई के निर्देशकलेक्टर ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के बाद भी नए स्कूल में ज्वाइनिंग नहीं देने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए।

## लगातार बदली-बारिश से धान के पौधों पर कीटों का प्रकोप

**बिलासपुर।** बारिश की स्थिति लगातार बने रहने के कारण धान के पौधों में कहीं-कहीं कीट-पतंगों के प्रकोप की भी शिकायत आने लगी है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार बदली-बारिश व धूप के समन्वय से पौधों को भरपूर लाभ मिलता है, लेकिन लगातार बदली व बारिश की ही स्थिति रहे व धूप न मिले तो पौधों में कीट-पतंगों व रोग की संभावना बनने लगती है।

■ लगातार बदली के कारण फसल पर हमला कर रहे तनाछेदक कीट

जिले में लगातार करीब 25 दिनों से बारिश नहीं होने से परेशान होने के बाद किसान अब बीते एक हफ्ते से लगातार बदली-बारिश की स्थिति में बदलाव चाह रहे हैं। ऐसा बिल्कुल नहीं है कि बीते एक सप्ताह से लगातार बारिश ही ही रही है, लेकिन तेज धूप का अभाव है। तेज धूप नहीं निकलने व लगातार बदली के कारण पौधों में तना छेदक का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे धान के पौधों के रंग में हल्का पीलापन दिखाई पड़ने लगा है। मौसम की लगातार यह स्थिति आगे चलकर उत्पादन को प्रभावित कर सकती है। धान के पौधों में अब आने वाला समय बालियों में दूध भराने का समय है, जिससे इस दौरान तना छेदक जैसे कीटों का प्रकोप हानिकारक हो सकता है, इससे किसानों की परेशानी हो सकती है। यदि समय पर इसका इलाज नहीं किया गया तो और भी नुकसान होने की आशका है। कीड़े को लेकर किसानों में चिंता व्याप्त है।

### खारंग से अब तक 70 मिलियन घनमीटर पानी छूटा

सिंचाई विभाग द्वारा खारंग जलाशय से सिंचाई के लिए दोनों नहरों में 3 अगस्त से पानी छोड़ा जा रहा है। तब से आज दिनांक तक विभाग द्वारा लगभग 70 मिलियन घनमीटर पानी छोड़ा जा चुका है। बांध से तो खेतों की सिंचाई हो रही रही है, इधर लगभग बीते एक सप्ताह से रूक-रूककर हो रही बारिश ने भी खेतों को लबालब कर दिया है। सिंचाई विभाग द्वारा अभी लगभग एक महीने और नहर से पानी छोड़े जाने की बात कही गई है।


## पॉलिटिक्स प्लस



प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट का पूर्व विधायक शैलेष पाण्डेय ने किया स्वागत।



विधायक देवेंद्र यादव से भेंट करते युवा नेता प्रतीक उपवेजा व अन्य।



सभा के दौरान सचिन पायलेट का प्रदेश महासचिव आदिल आलम खैरानी एवं जिला शहर अध्यक्ष शेरू असलम, बेलतरा अध्यक्ष अजय यादव, मस्तूरी अध्यक्ष सुनील पटेल, तखतपुर अध्यक्ष अनिल कौशिक, हरीश कलशा, मो अयाज, शांतनु मेश्राम, वक्कार ख़ान, सोनू भोरे, कलाम ख़ान आदि ने मंच पर स्वागत किया।

## नशेड़ी युवक ने सहायक यंत्री से की मारपीट

**बिलासपुर।** नशे में बिजली बिल कम कराने आए युवक ने आफिस में हंगामा मचाते हुए सहायक यंत्री के साथ जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने शिकायत लेकर पीड़ित को चलता कर दिया था। 26 दिन बाद मामले में एफआईआर दर्ज की गई है।

■ 26 दिन बाद एफआईआर

मोपका रामकृष्णनगर संजोग बिहार निवासी मुरली मनोहर भारद्वाज पुराना तोरवा पावर हाउस में सहायक यंत्री है। 14 अगस्त को वह कार्यालय में बैठकर काम कर रहे थे। सुबह 11.40 बजे देवरीखुर्द निवासी अवधेश प्रसाद गौतम पिता उन्नथ गौतम 40 साल नशे के हालत में बिजली बिल सुधार कराने आया और बिलिंग सेक्शन प्रभारी संतोष कुमार साहू के पास रखी कार्यालीन कर्मचारी की कुर्सी पर बैठ गया। तुरंत बिल सुधारने के लिए कहने लगा। जब तक बिल नहीं सुधरेगा तब तक कुर्सी में बैठे रहने की बात कहकर हंगामा मचाने लगा। श्री भारद्वाज ने उसे हंगामा मचाने से मना किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। पीड़ित सहायक यंत्री श्री भारद्वाज रिपोर्ट लिखाने तोरवा थाने गए तो उनसे लिखित शिकायत लेकर चलता कर दिया गया था। 26 दिन बाद मामले में हमलावर अवधेश प्रसाद गौतम के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

मस्तूरी क्षेत्र के सहायक शिक्षक ने लगाया आरोप, आडियो वायरल

## मेडिकल बिल भुगतान के बदले क्लर्क ने मांगा कमीशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

मस्तूरी क्षेत्र में सहायक शिक्षक का मेडिकल बिल स्वीकृत होने के बाद भी भुगतान रोक दिया गया है। शिक्षक का आरोप है कि बिल जारी करने के एवज में ऑफिस का बाबू उनसे 10% कमीशन मांग रहा है। शिक्षक ने इस मामले की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर से की है, लेकिन कार्रवाई के बजाय अब उन्हें ही परेशान किया जा रहा है।

शिक्षक का कहना है कि उनके साथ जिन अन्य शिक्षकों के बिल पास हुए थे, उन्हें तो राशि का भुगतान मिल गया है, लेकिन उनका भुगतान अब तक नहीं किया गया। मामला मस्तूरी विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का है। कमीशन मांगे जाने का आडियो भी वायरल हो रहा है। शिक्षा अधिकारी ने इसे संज्ञान में लिया है। दरअसल, शासकीय प्राथमिक शाला खपरी के सहायक शिक्षक संतोष कुमार साहू ने मेडिकल बिल भुगतान के लिए आवेदन जमा किया था। इलाज में हुए खर्च सहित सभी दस्तावेज पेश करने और उसका परीक्षण करने के बाद कार्यालय से उनका 1 लाख 87 हजार 459 रुपए स्वीकृत हो गया है। शिक्षक संतोष कुमार साहू का आरोप है कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मस्तूरी के पदस्थ सहायक ग्रेड 02 सीएस नौरके ने 9 जुलाई की रात 8.25 बजे उनके मोबाइल पर कॉल किया। वो रिसीव नहीं कर पाए। रात 8.30 बजे उन्होंने देखा तो कॉल किया। इस दौरान क्लर्क सीएस नौरके ने मेडिकल बिल की रकम उनके खाता में जमा करने के एवज में 10% कमीशन मांगा। जिसे देने में उन्होंने असमर्थता जताई। इस कारण भुगतान रोक दिया है।

### सभी दस्तावेज जमा करने के बाद भी राशि रोकी

इससे परेशान होकर सहायक शिक्षक ने जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर संजय अग्रवाल से शिकायत की है। उन्होंने शिकायत में बताया कि सूची में शामिल अन्य लोगों की राशि का भुगतान 15 जुलाई की रात को ही कर दिया गया था, लेकिन उनकी राशि अब तक लंबित है। शिक्षक का कहना है कि कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी से शिकायत के बावजूद क्लर्क भुगतान नहीं कर रहा है। उन्होंने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। संतोष साहू ने बताया कि उन्होंने इलाज का पूरा खर्च और जरूरी दस्तावेज ऑफिस में जमा किए थे।

### सत्यता का होगा परीक्षण

सहायक शिक्षक की शिकायत के बाद मामले में जांच बिठा दी गई है। जांच टीम मौके पर पहुंचकर सभी पक्षों का बयान लेगी। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी। फिलहाल आडियो से तो स्पष्ट है कि मेडिकल बिल के बदले राशि की मांग की जा रही है। आडियो की सत्यता का भी परीक्षण होगा।

- **विजय तांडे**, जिला शिक्षा अधिकारी

## डा. रितेश कर रहे रिफ्लेक्सोलॉजी चिकित्सा पद्धति से बीमारी का सफल इलाज

**बिलासपुर।** डिवाइन केयर क्विक हीलिंग सेंटर के संचालक डॉ.रितेश सिंह गौतम जिनका क्लीनिक नेहरू नगर, साईं मंदिर के पास स्थित है। श्री गौतम द्वारा बिलासपुर शहर में रिफ्लेक्सोलॉजी एवं कायरोप्रेक्टर चिकित्सा पद्धति से शारीरिक समस्याओं के अनुसार उनका सफल निवारण किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि रिफ्लेक्सोलॉजी चिकित्सा पद्धति - रिफ्लेक्सोलॉजी, अमेरिका और ब्रिटेन में विकसित, चिकित्सा का एक प्राचीन विज्ञान है। रिफ्लेक्सोलॉजी रोगी को उसकी पुरानी समस्याओं से छुटकारा दिलाने में मदद करती है। रिफ्लेक्सोलॉजी एक दवा रहित चिकित्सा पद्धति है। इस पद्धति से हम अपने भीतर प्राकृतिक औषधियों को छोड़ सकते हैं। इसलिए हमें किसी भी समस्या के इलाज के लिए किसी आधुनिक चिकित्सा की आवश्यकता नहीं होती। रिफ्लेक्सोलॉजी चिंता, अवसाद, माइग्रेन, ट्राइजेमिनल न्यूरोलॉजी, मेनिएरेस रोग जैसी 1000 से अधिक समस्याओं का बिना दवाई सफल इलाज करती है।



### हेल्थ प्लस

कायरोप्रेक्टिक थैरेपी एक प्रकार की शारीरिक चिकित्सा है जो शरीर की संरचना, विशेष रूप से रीढ़ की हड्डी, मांसपेशियों, जोड़ों और तंत्रिकाओं से संबंधित समस्याओं पर केंद्रित है। इसमें एक प्रशिक्षित विशेषज्ञ, जिसे कायरोप्रेक्टर कहते हैं, नियंत्रित बल लगाकर जोड़ों में मैनिपुलेशन करता है। जिसे कायरोप्रेक्टिक एडजस्टमेंट या स्पाइनल मैनिपुलेशन कहते हैं। उन्होंने बताया कि कायरोप्रेक्टिक थेरेपी का उपयोग शरीर के विभिन्न हिस्सों में दर्द से राहत दिलाने के लिए किया जाता है, जैसे कमर, गर्दन, सिर, कंधे, पीठ, कूल्हे, घुटने और टखने। इसका उपयोग मांसपेशियों, कार्टिलेजेस, लिगामेंट्स, टेंडन, जोड़ों और हड्डियों से संबंधित दर्द निवारण के लिए किया जाता है।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, बुधवार 10 सितंबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



## शिविर

# भगवान ने अर्जुन को अवसाद दूर करने नींद की दवा नहीं, दिया गीता ज्ञान



**बिलासपुर।** हम सभी उस अर्जुन की तरह हैं जो युद्ध के मैदान पर धर्म और अधर्म के बीच खड़ा है और अधर्म की ओर खड़े अपने संबंधियों को देखकर युद्ध करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। परन्तु यदि भारत में आदि सनातन देवी देवता धर्म अर्थात सत्य धर्म की स्थापना करनी है तो हमें अधर्म अर्थात काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार रूपी बुराइयों पर जीत प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है। अर्जुन के इस अवसाद को दूर करने के लिए कोई नींद आदि की दवा नहीं दी बल्कि गीता का ज्ञान देकर उनके आत्मशक्ति को जगाया। ब्रह्माकुमारीज़ शिव अनुराग भवन राजकिशोर नगर सेवाकेंद्र में चल रहे गीता की राह वाह जिंदगी वाह शिविर के दूसरे दिन ब्रह्मा कुमारी मंजू दीदी ने कही। उन्होंने गीता के प्रथम अध्याय की शुरुआत करते हुए कहा कि ज़ब हम ध्यान की शुरुआत करते हैं तो विकार या आसक्ति हमें ध्यान करने से रोकती है। आसक्ति पूर्ण नहीं होती तो क्रोध आता है जिससे हमारी निर्णय शक्ति कम हो जाती है और हमें सफलता नहीं मिलती, हम जीवन का सही आनंद नहीं ले पाते। इसलिए गृहस्थ धर्म के लिए कमल पुष्प का उदाहरण आता है कि वह जल में रहते भी जल से न्यारा प्यारा रहता है। दीदी ने कहा कि अपने व्यवहार में हम क्रोध, ईर्ष्या, अनादर करके अपने पाप कर्मों का बैलेंस बढ़ाते हैं जो कि आगे की यात्रा में हमारे लिए दुखकारी होगा इसलिए जीवन को सुखमय बनाने के लिए हमें अपने कर्मों पर विशेष ध्यान देकर पुण्य कर्मों का खाता बढ़ाना होगा।

## स्पर्धा

# छत्तीसगढ़ रजत जयंती पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय में रजत जयंती के अवसर पर हमारे सपनो का छत्तीसगढ़ विषय पर भाषण का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को छत्तीसगढ़ की संस्कृति, विरासत और भविष्य के सपनों के बारे में विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान करना था। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों की प्रस्तुति, विचारों की गहराई और अभिव्यक्ति की स्पष्टता के आधार पर मूल्यांकन किया। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे और उनकी प्रतिभा की सराहना की गई। इस प्रतियोगिता में कुल 14 प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ के विकास प्रासंगिक करने के उद्देश्य से इस भाषण प्रतियोगिता के विषय को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो. बी. के. त्रिपाठी ने कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में छत्तीसगढ़ के प्रति गर्व और जागरूकता पैदा करना बताया, साथ ही उन्हें अपने विचारों को सार्वजनिक रूप से व्यक्त करने का अवसर प्रदान करना था।

## चयन

# लक्ष्य निर्धारित कर अपनी ऊर्जा सकारात्मक दिशाओं में लगाएं



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कोनी परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों का विश्वविद्यालय स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा,रासेयो जिला संगठक कोरबा वाय के तिवारी के नेतृत्व में चयन शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए अधिकारी डॉ राजकुमार वर्मा ने कहा कि गति ही जीवन है, स्वयंसेवकों को अपने लक्ष्य निर्धारित कर अपनी ऊर्जा सकारात्मक दिशाओं में लगानी चाहिए तभी वे सफलता का वरण करेंगे। स्वयंसेवकों को पूर्व राज्य संपर्क अधिकारी डॉ विमल कुमार पटेल, कार्यक्रम अधिकारी मुकुल शर्मा, एनसीसी अधिकारी अशोक नागपुरे, विश्वविद्यालय के खेल अधिष्ठाता डॉ प्रमोद तिवारी ने भी मार्गदर्शन प्रदान किया।

## कार्यशाला

# उद्यमिता से होती है ग्रामीण अर्थ व्यवस्था मजबूत




**बिलासपुर।** कन्या शाला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नूतन चौक सरकण्डा में स्वदेशी जागरण मंच एव स्वावलंबी भारत अभियान के तहत उद्यमिता पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन के संबंध में जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता सहसंचालक गुरुकुल व प्रांत सचिव विजेंद्र शुक्ला ने भी उद्यमिता से होने वाले लाभ के बारे में प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे उद्यमिता से रोजगार का सृजन होता है। ग्रामीण अर्थ व्यवस्था मजबूत होती है। उद्यमिता आर्थिक सशक्तिकरण का भी उदाहरण है।इस मौके पर प्रांत महिला प्रमुख अरुणा दीक्षित, प्राचार्या गायत्री तिवारी, दीप्ति वाजपेई, सुमन द्विवेदी, सुशांत द्विवेदी की उपस्थिति रही।

कला, संस्कृति की अग्रणी संस्था "नृत्यांगन" के तत्वावधान में पं. देवकीनंदन दीक्षित सभागार में दो दिवसीय राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रतिभागी कलाकारों ने एक से बढ़कर एक डांस पेश कर जलवे बिखेरे।

### पं. देवकीनंदन दीक्षित सभागार में नृत्यांगन का आयोजन

# राज्य स्तरीय डांस में कलाकारों ने बिखेरे जलवे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। और कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षाविद् डॉ. अजय श्रीवास्तव, एकता ब्लड बैंक के संरक्षक डॉ. गिड़वानी और समाजसेवी दिलीप श्रीवास्तव उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में जूनियर व सीनियर वर्गों में कुल 120 प्रतिभागियों ने अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक समिति ने फाइनल राउंड के लिए 45 प्रतिभागियों का चयन किया। फाइनल का मूल्यांकन सोनी टीवी के "इंडिया बेस्ट डांसर" एवं "डांस प्लस" विजेता राम विष्ट मुंबई ने किया। कार्यक्रम का संचालन कु. मोनिका एवं आभार प्रदर्शन आयोजक कोरियोग्राफर मनोज पाल ने ने किया।




**ये रहे विजेता**

जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान वी.आर. वन डॉस ग्रुप भिलाई, द्वितीय अक्षत सोनी भिलाई, तृतीय स्थान पर कु. प्रियांशिका बिलासपुर रही। सांत्वना पुरस्कार रूही रायपुर को दिया गया। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर एस.एस. ब्रदर्स बिल्हा, द्वितीय शिवा अहिरवार बिलासपुर, तृतीय स्थान पर संस्कार लालवानी बिलासपुर रहे। सांत्वना पुरस्कार दुर्गेश दास महंत कोरबा को दिया गया। सभी विजेताओं व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार व विजेता कप वरिष्ठ समाजसेवी प्रफुल पाल एवं पुष्पा पाल ने प्रदान किया।

### इनका रहा सहयोग

आयोजन को सफल बनाने में रुपेश समुद्रे, आशीष अहिरवार, भृगु अवस्थी, रवि, मिनी, शिवा, बनी नेताम, आशीष, अंशुमन शर्मा, श्री जॉन भिलाई का सहयोग रहा।

अग्रवाल महिला समिति ने अग्रसेन जयंती समारोह की श्रृंखला में मंगलवार को अग्रसेन भवन जूनी लाइन में लूडो व सांप सीढ़ी खेलो प्रतियोगिता आयोजित की। इसमें समाज की 400 महिलाओं ने भाग लिया। लकी गेम भी खिलाया गया। इन सभी आयोजनों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय इनाम दिया गया।



# लूडो, सांप सीढ़ी खेलो स्पर्धा रही रोमांचक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समिति की अध्यक्ष रंजना अग्रवाल ने सभी प्रतियोगिताओं के नियमों के बारे में बताया और उस नियम के अनुसार खेलने को कहा। लूडो प्रतियोगिता की आयोजिका चंदा अतुल बजाज, अनिता झांझरिया, सरोज सिंघल, शिखा अग्रवाल, शालू अग्रवाल, रानू अग्रवाल, पायल केडिया, कविता मित्तल, कनक नुनिवाल, भारती, ममता सिंघानिया, चंचल अग्रवाल, मधु सिंघानिया, मुक्ता अग्रवाल, निधि अग्रवाल रहीं।



**ये रही विजेता** : कार्यक्रम में समय पर आने वालों में रंजिता बुधिया, सीमा राजकुमार, सोनिया केडिया रहीं। लकी गेम की विनर मोनिका, रेणु सराफ, डिम्पल मोदी रहीं। बत्तीसी ट्रे सजाओ की समय पर आने वाले में प्रज्ञा अग्रवाल, श्रेया अग्रवाल शामिल रहीं। लूडो की विजेता रानू अग्रवाल, स्वीटी केडिया, सांप सीढ़ी की विजेता सरिता तोदी, पिंकी अग्रवाल रहीं।

### लकी गेम में दिए तीन इनाम

कार्यक्रम में आयोजित लकी गेम्स किस्मत आजमाओ का सभी ने भरपुर आनंद लिया। अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की प्रदेश अध्यक्ष आशा अग्रवाल ने बताया कि लकी गेम में मोहन, माधव, राधिका, कृष्ण, प्रिया, कान्हा लिख कर छट चिट बनाया गया था। इसे बांटने के बाद 45 लोग सेमी फायनल में पहुंचे। अंत में 10 विनर बच गए। इन विनरों में तीन को प्रथम, द्वितीय, तृतीय इनाम दिया गया। इस स्पर्धा की आयोजिका सुनीता बुधिया, अमन चौधरी, अनिता अग्रवाल, सपना अग्रवाल, टीमा अग्रवाल, भारती अग्रवाल, सीमा गोयल, रजनी अग्रवाल, डॉली मित्तल, अलका तायल, अन्नू मुरारका, पायल लाट, सीमा अग्रवाल, पिंकी बेरीवाल, राशि अग्रवाल, किरण अग्रवाल, लीना अग्रवाल रहीं।

### महिलाओं ने सजाया आकर्षक ट्रे

कार्यक्रम में बत्तीसी ट्रे सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रतिभागियों ने 18x24 साइज की ट्रे को 1 घंटा में आकर्षक ढंग से सजाया। रिबन, मोती, कलर फूल डिस्को फीता से सजे ट्रे देखने लायक रहा। इस प्रतियोगिता की आयोजिका सुषमा चौधरी, तृप्ति टिबरेवाल, ज्योति जालान, कविता सोंथालिया, सरिता अग्रवाल, मनीषा निशानिया, मीतू अग्रवाल, रिंकी तायल, पिंकी अग्रवाल, किरण अग्रवाल रहीं।

### सांप सीढ़ी प्रतियोगिता देखने रही भीड़

सांप सीढ़ी प्रतियोगिता काफी रोमांचक रही। इसे देखने समाज की महिलाओं, युवतियों की भारी भीड़ रही। इस प्रतियोगिता की आयोजिका राधा मित्तल, ममता अग्रवाल वर्षा सरावगी, मीतू अग्रवाल, बबली पालीवाल, सरोज अग्रवाल, श्वेता गोयल, सबिता अग्रवाल, ऊषा अग्रवाल, सीमा चौधरी, ममता जाजोदिया, सुषमा केडिया, मोनिका सिंघल, प्रीति अग्रवाल, रंजना अग्रवाल, वंदना जाजोदिया थीं।

# फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी में रास डांडिया 25 से 27 तक






**देश की जानी-मानी फिल्म अभिनेत्री नेहा धूपिया शहर के साथ खेलेंगी डांडिया**

नवरात्रि पर्व पर हर साल की तरह इस बार भी भाटिया फ्यूल्स के द्वारा फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के खेल मैदान में 25 से 27 सितंबर तक रास डांडिया का आयोजन किया जा रहा है। इस बार भाटिया फ्यूल्स के द्वारा आयोजित रास डांडिया में देश की जानी मानी फिल्म अभिनेत्री नेहा धूपिया शहर वासियों के साथ रास डांडिया खेलेंगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

25 सितंबर से 27 सितंबर तक फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में आयोजित रास डांडिया में शहर एवं आसपास के युवा वर्ग एवं बच्चे महिलाएं फिल्मी कलाकारों के साथ तीन दिनों तक रास डांडिया का आनंद लेंगे। रास डांडिया में बॉलीवुड के ख्याति प्राप्त कलाकारों के साथ गीत संगीत में एक पारिवारिक माहौल में पूरा शहर झूमेगा। रास डांडिया में शामिल होने आ रही देश की जानी-मानी फिल्म अभिनेत्री नेहा धूपिया ने कई बड़ी फिल्मों में अभिनेत्री के रूप में काम किया है जिसमें, सिंग इज किंग में अक्षय कुमार के साथ अभिनय किया है। फिल्म कयामत में अजय देवगन के साथ मुख्य भूमिका में रही हैं। चुप चुप के फिल्म में शाहिद कपूर के साथ लीड किया है। फिल्म अभिनेत्री नेहा धूपिया कई टीवी शो में जज की भूमिका में रही है। उन्होंने कई फिल्मी कलाकार रियलिटी शो में मैं अपने अभिनय का लोहा मनवाया है। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में रास डांडिया के लिए जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। आकर्षक सजावट, की जा रही है। रास डांडिया में शामिल होने वाले युवाओं महिलाओं तथा बच्चों के लिए फूड स्टॉल की व्यवस्था की जाएगी। आयोजन समिति के द्वारा पार्किंग की अलग से व्यवस्था की गई है। रास डांडिया में प्रवेश के लिए आयोजन समिति के द्वारा जल्द ही पास की व्यवस्था की जाएगी। यहां पर आयोजन समिति के द्वारा राजधानियां में भाग लेने वाले युवक युवतियों, महिलाओं बच्चों तथा परिवार के सदस्यों को रिहर्सल की भी व्यवस्था की जाती है। पिछले 2016 से एक पारिवारिक माहौल में फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में रास डांडिया का आयोजन किया जा रहा है।



# महिला एवं युवा यादव समाज का तीज मिलन कार्यक्रम



**बिलासपुर।** कृष्ण धाम यादव भवन इमलीपारा में महिला एवं युवा यादव समाज के द्वारा तीज मिलन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सबसे पहले सुहागिन माता एवं बहनों ने अपने इष्ट देव भगवान श्री कृष्ण की स्तुति कर सभी सुहागिन को सुहाग चिन्ह सिंदूर, चुड़ी, मेहंदी का एक दूसरे को प्रदान कर अभिवादन कर सदा सुहागिन रहने का आशीर्वाद लीया। विभिन्न गीत संगीत व सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ तीज मिलन पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में महिला विंग के वरिष्ठ व युवा विंग के महिला भारी संख्या में उपस्थित थे। उक्त आयोजन में मालती यादव, विनीता यादव,सरिता यादव, प्रियंका यादव, सुनीता यादव, गीता यादव,मनीषा यादव,निशा यादव, मुस्कान यादव आदि का सहयोग रहा।

## स्पोर्ट्स न्यूज

# क्रिकेट संघ अंडर-19 की संभावित टीम घोषित, खिलाड़ी चयनित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्टेट क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार क्रिकेट संघ द्वारा आधारशिला विद्या मंदिर स्कूल में ट्रायल लिया गया जिसके चयनकर्ता रितेश शुक्ला, सुशांत शुक्ला, अभिनव शर्मा और अतुल शर्मा थे। अंडर 19 के ट्रायल के दौरान कुल 134 खिलाड़ी ट्रॉयल देने पहुंचे थे, जिसमें बिलासपुर के अलावा पेंड्रा, मरवाही, तखतपुर, मुंगेली, जांजगीर, कोरबा, कोटा, मस्तूरी, बिल्हा ,सीपत और रायगढ़ से खिलाड़ी ट्रॉयल देने पहुंचे थे। ट्रायल की प्रक्रिया सुबह 9 बजे प्रारंभ हुआ जिसमें खिलाड़ियों ने सर्वप्रथम फॉर्म और डॉक्यूमेंट को जमा कर अपने अपने नाम दर्ज कराए। उसके पश्चात लड़कों को फिटनेस, कैचिंग फील्डिंग कराई गई फिर गेंदबाजी, बल्लेबाजी कराया गया। सभी खिलाड़ियों ने अपने क्रिकेट स्किल का दम दिखाया,इन सभी खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन के पश्चात चयनकर्ता ने अंडर 19 कैंप के लिए सम्भावित खिलाड़ियों का चयन किया गया है। सभी चयनित बुधवार को दोपहर 3 बजे कोनी के आधारशिला विद्या मंदिर में कैंप लगाया जाएगा। सभी खिलाड़ी कलर वेशभूषा में उपस्थित होंगे, कैंप में सभी प्रकार के क्रिकेट के बारीकियों पर कार्य किया जाएगा। जिससे चयनित खिलाड़ी अपने क्रिकेट स्किल को और मजबूत कर सके। कैंप के दौरान सिलेक्शन मैच भी कराया जाएगा जिसके प्रदर्शन के आधार पर बिलासपुर की टीम बनाई जाएगी यह सभी जानकारी क्रिकेट संघ के सचिव विंटेश अग्रवाल द्वारा दिया गया।

### टीम में ये खिलाड़ी

आर्यन एम सिंह, आदित्य श्रीवास्तव, विघ्नेश गिरी, नैवेद्य गुप्ता,जयंत यादव,शैवाल सरकार,अक्षत श्रीवास्तव,श्रीसंत खरे,रेहांश बघेल, आयुष तोडेकर,आर्यन सिंह,समर्पित राज एंड्रयूज,ललित सोनकर, रणवीर चड्डा,उत्कर्ष तिवारी, आरव राय,उत्कृष्ट तिवारी, सक्षम चौबे, आयुष शर्मा, प्रथम मोटवानी, आयान उपाध्याय, सिद्धार्थ मिश्रा,आकाशदीप सिंग, सिद्धांत सिंह,आदित्य देव खटकर, हर्षित सिंह, अमन मौर्य, जी कविश नायडू, अक्षर सलूजा, हिमांशु सिंह, राज श्रीवास, नमन चंद्राकर, शौर्य तिवारी, संजय कुमार पाटले, शोभित सिंह चौहान, शौर्य प्रताप सिंह स्वर्णकार, को अंडर 19 कैंप के लिए चयनित किया गया है।



# कोटा ब्लाक कबड्डी संघ के अध्यक्ष राय सिंह बने

कोटा ब्लाक कबड्डी संघ की वार्षिक बैठक में सर्वसम्मति से राय सिंह यादव को अध्यक्ष के रूप मे चुना गया है, इस संबंध मे जानकरी देते हुए कबड्डी कोच ओमकार जायसवाल ने बताया की कबड्डी संघ के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों व निर्णायको की उपस्थिति मे कोटा ब्लाक कबड्डी संघ अध्यक्ष राय सिंह यादव को सभी की सहमति से छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ महासचिव व जिला कबड्डी संघ सचिव प्रदीप यादव व जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष जीवन मिश्रा की उपस्थिति मे चुना गया। कोटा ब्लाक कबड्डी संघ कार्यकारिणी अध्यक्ष बुधराम मरकाम को बनाया गया,कोटा ब्लाक उपाध्यक्ष, भूपेंद्र पाण्डेय, घनश्याम श्रीवास व ब्लाक कबड्डी संघ सचिव नन्द कुमार ध्रुव सह सचिव भरत यादव को चुना गया। कोषाध्यक्ष धाम सिंह मरावी, सह कोषाध्यक्ष विजय राज कोटा ब्लाक कबड्डी संघ संरक्षक के रूप में कुंज राम ध्रुव, शिवरतन करसायल, प्रदीप सिदार और रंजीत पवार को बनाया गया। बैठक में सभी सदस्यों की उपस्थिति में आगामी कोटा ब्लाक कबड्डी प्रीमियर लीग महिला व पुरुष आयोजन पर भी चर्चा किया गया।

## खबर संक्षेप

### मान-अपमान, सुख-दुख को संत एक समान समझते हैं: पं मिश्रा




**बेलतरा।** ग्राम उरतुम में शिक्षा विद एवं सामाजिक कार्यकर्ता भूपेंद्र गौरहा के निवास पर स्वर्गीय राघव वल्लभ गौरहा की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। तीसरे दिन की कथा का वर्णन करते हुए व्यास पीठ पंडित पंकज भूषण मिश्रा ने कहा कि, संत के लिए मान-अपमान, सुख-दुख और हानि-लाभ एक समान अर्थ रखते हैं। क्योंकि वे इन सभी बाहरी परिस्थितियों के प्रति समभाव रखते हैं, उन्हें जीवन का हिस्सा मानते हैं, और बाहरी घटनाओं से विचलित हुए बिना आंतरिक स्थिरता बनाए रखते हैं। ये सभी स्थितियां उन्हें अपने पथ से विचलित नहीं कर पाती हैं, और वे हर परिस्थिति में समभाव बनाए रखते हैं। इस अवसर पर गौरहा समाज के अध्यक्ष दिनेश गौरहा, रमेश गौरहा, अशोक दुबे, जगदीश मिश्रा, सत्यशिव तिवारी, हरनारायण गौरहा, विक्रम सिंह सहित मुख्य यजमान विणा-भूपेंद्र गौरहा एवं विभा-जितेन्द्र गौरहा ने श्रद्धा पूर्वक कथा का रसपान किया।

### 37 गर्भवती माताओं की जांच व उपचार



**दगोरी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दगोरी में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत 37 गर्भवती माताओं की जांच व उपचार मेडिकल आफिसर डॉ मंजूलता के नेतृत्व में किया गया किया। ब्लड सैंपल कलेक्शन एमएलटी वरुण कौशल ने लिया। इस दौरान गर्भवती माताओं की एल्ब्यूमिन सुगर,मलेरिया, टाइफाइड, एचआईवी, वीडीआरएल, टीबी, यूरिन एल्ब्यूमिन शुगर सहित ऊंचाई, वजन व पेट की भी जांच की गई। गर्भवती माताओं को जरूरी सलाह के तहत टीटी के टीके लगवाने, प्रसव पूर्व चार जांच, संस्थागत प्रसव कराने, जरूरी दवा आयरन फोलिक एसिड, कैल्शियम की जरूरी खुराक लेने की भी सलाह दी गई। सहयोग करने वालो में ग्रामीण चिकित्सा सहायक शैलेंद्र श्रीवास्तव, स्टाफ नर्स सुषमा सन्नाट, खिलेश्वरी मिरी, सुमित्रा मसीह, नीतू ध्रुव, जितेंद्र बंधे, प्रह्लाद कौशिक, राजकुमार ध्रुव सहित बड़ी संख्या में गर्भवती माताएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं उनके आश्रित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### खो-खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता में 280 बच्चों ने लिया हिस्सा



**करगीरोड कोटा।** सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर के तत्वावधान में दो दिवसीय खो-खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन शिशु मंदिर परिसर में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में मुंगेली, तखतपुर, कोनी, पसान, गनियारी, पथरिया, चारभाटा, सकरी एवं कोटा की टीमें शामिल हुईं। प्रतियोगिता में कुल 17 खो-खो व 11 कबड्डी टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 140 बालक एवं 140 बालिकाओं ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राएं आगामी उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन नपं अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता गेंदराम राजपूत, विशिष्ट अतिथि नपं उपाध्यक्ष प्रदीप कौशिक, पार्षद बैंकट लाल अग्रवाल, पार्षद नरेंद्र गोस्वामी, देवेंद्र सिंह ठाकुर, प्रियंक सक्सेना एवं संतोष जायसवाल उपस्थित रहे। संयोजक की जिम्मेदारी राम संजीवन गुप्ता ने निभाई। संस्थान के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि, ऐसे आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि छात्रों में टीम भावना, अनुशासन और व्यक्तित्व विकास को भी बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर प्राचार्य बाबूलाल साहू सहित संस्थान के आचार्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।

### ब्राह्मण महासभा ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**लोरमी।** आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा ने जगदलपुर में हुए ब्राह्मण खानसामा खितेन्द्र पांडेय के साथ मारपीट को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि, ब्राह्मण समाज के मान सम्मान एवं स्वाभिमान पर चोट पहुंचाने के लिए एक मंत्री ने जगदलपुर सर्किट हाऊस में शनिवार की शाम ब्राह्मण खानसामा खितेन्द्र पांडेय के साथ अश्लील गाली-गलौज करते हुए मारपीट की घटना को अंजाम दिया। उक्त मामले को लेकर रविवार को प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा छत्तीसगढ़ इकाई ने इस घटना की कड़ी से कड़ी निंदा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपील की है कि, वनमंत्री से सार्वजनिक रूप से माफी मंगवाएं अथवा उन्हें मंत्री परिषद से बाहर का रास्ता दिखाएं। ब्राह्मण महासभा प्रदेश अध्यक्ष राकेश तिवारी ने उक्त मांगें पूरी नहीं होने की स्थिति में सरकार के विरूध्द चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी है।

### मेंटेनेंस के नाम पर नहीं दी जाती अलग से कोई राशि, किराया बढ़ाए जाने की कलेक्टर से मांग

# 162 लाख की लागत से बने ट्रांजिट हॉस्टल का नहीं हो रहा बिजली बिल भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले में शासकीय कर्मचारियों के लिए तत्काल आवास नहीं मिलने पर उनके रहने के लिए ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण किया गया था। 162 लाख की लागत से बने इस भवन में 24 टू बीएचके भवन का निर्माण किया गया है। यहां नॉमिनल शुल्क लेकर शासकीय कर्मचारियों को आवास की सुविधा दी जाती है, किंतु मेंटेनेंस खर्च के लिए अलग से कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण इस भवन का बिजली बिल नहीं पट पा रहा है।

जिला बनने के बाद शासकीय कर्मियों के लिए आवास की सुविधा उपलब्ध नहीं थी जिसे ध्यान में रखते हुए देवरी जेल रोड के पास 162 लाख के लागत से 24 परिवारों के लिए टू बीएचके भवन का निर्माण कराया गया। ताकि शासकीय कर्मियों का आवास की सुविधा उपलब्ध हो सके। शासन के नुमांईदो के लिए बनाए गए इस भवन में मेंटेनेंस के लिए कोई अतिरिक्त व्यवस्था नहीं की गई। जिसके चलते इस भवन का बिजली बिल भी नहीं पट पा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार इस हॉस्टल में निवासरत शासकीय कर्मचारी अपने आवास मे बिजली का दुरूपयोग करते है, जिसके चलते बिजली का बिल अधिक आता है और निवासरत कर्मचारी आवास किराए के नाम पर नॉमिनल शुल्क अदा कर यहा निवासरत हैं। जिससे बिजली का बिल भी नही पट पा रहा है। 2014-15 में बने यह भवन जर्जर स्थिति में है। इस भवन का भी मेंटेनेंस निवासरत लोगों के शुल्क से ही किया जाता है। अब देखना ये है कि इस हॉस्टल का उद्धार कब और कैसे होगा।



ट्रांजिट हॉस्टल मुंगेल।

#### जनदर्शन में लगा आवेदन

जनदर्शन में वरिष्ठ नागरिक नारायण शर्मा ने आवेदन लगाते हुए कलेक्टर से मांग की है कि ट्रांजिट हॉस्टल का किराया बढाया जाए और सभी कमरों में अलग-अलग मीटर लगाया जाए। इसका कोई परिणाम नहीं निकल रहा है। हर माह लाखों रूपए बिजली बिल सरकारी मद से पटाया जाता है। यहां एयर कंडीशनर कूलर का इस्तेमाल कई लोग कर रहे हैं और बिल शासन के पैसे से पटाया जाता है। खेढ़ा आवास में जो कर्मचारी रहते हैं वही बिजली बिल का भुगतान करते हैं। इस संबंध में पीडब्लूडी के द्वारा 3 हजार और 4 हजार रूपए निर्धारित करने सहमति पत्र मंगाया गया था लेकिन वहां रहने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियो ने कोई ध्यान नहीं दिया। प्रार्थी नारायण शर्मा के द्वारा 12 अगस्त को आवेदन देते हुए किराया बढाने की मांग की थी। उन्होंने अपने आवेदन में इस संबंध में कई बार आवेदन देने के बाद भी सुनवाई न होने की बात की है, साथ ही शासन के पैसे के दुरूपयोग रोकने की बात कही है।

#### भेजा गया है प्रस्ताव

ट्रांजिट हॉस्टल में किराया बढ़ाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। बिलासपुर में भी नए ट्रांजिट हॉस्टल के किराए की नई दर लागू होने वाली है। उसी आधार पर यहां भी किराया बढ़ाया जाएगा।

**-एसके सतपथी**
कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग मुंगेली



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विधायक पुन्नूलाल मोहले।

## सेवा पखवाड़ा केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि यह एक अवसर: मोहले

**मुंगेली।** भाजपा की जिला स्तरीय सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय में किया गया। जिसमें प्रदेश भाजपा महामंत्री एवं पूर्व विधायक नवीन मार्कण्डेय, प्रदेश मंत्री एवं सेवा पखवाड़ा प्रभारी विद्या सिदार, विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय और जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए।

इस मौके पर प्रदेश भाजपा महामंत्री नवीन मार्कण्डेय ने कहा कि, भाजपा केवल चुनावी राजनीति नहीं करती, बल्कि समाज को सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का कार्य करती है। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि यह एक अवसर है। प्रदेश मंत्री विद्या सिदार ने कहा कि सेवा पखवाड़ा गरीब, वंचित और जरूरतमंदों तक पहुंचने का अवसर है। जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने सेवा पखवाड़ा की तिथिवार रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री कैलाश सिंह ठाकुर एवं जिला उपाध्यक्ष सुनील पाठक ने एवं आभार जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू ने प्रकट किया। इस अवसर पर गिरीश शुक्ला, नरेंद्र शर्मा, श्रीकांत पाण्डेय, शैलेश पाठक, लोकनाथ सिंह, भागीरथी यादव, संजय वर्मा, देवचरण भास्कर, अम्बालिका साहू, उमाशंकर साहू, समुंद सिन्द्राम, दीपिका कौशिक, अनिला राजपूत, अनिता साहू, चित्ररेखा जांगड़े, मानस सिंह बैस, रिंकू सिंह, दिनेश साहू, राणाप्रताप सिंह, आशुतोष पांडे, पोषण यादव, पवन पांडे, नन्दनी साहू, पूर्णिमा ध्रुव, हरिशंकर वर्मा, लेखु साहू आदि मौजूद थे।

## रानी दुर्गावती कॉलेज में प्रयोगशाला का लोकार्पण एवं संगोष्ठी

**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के रजत जयंती कार्यक्रम में जन भागीदारी समिति की ओर से निर्मित प्रयोगशाला का लोकार्पण एवं संगोष्ठी का आयोजन किया। रानी दुर्गावती महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम मुख्य रूप में गुरु घसीदास विश्वविद्यालय की अनुपमा सक्सेना, सरला पाड़े, महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष प्राचार्य शुभदा राहलकर एवं जनभागीदारी समिति के सदस्यों के आतिथ्य में संपन्न हुआ। सरला पाड़े ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण और विकास में भाजपा सरकार के योगदान साथ क्षेत्रीय विधायक धर्म जीत सिंह के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्य श्रीमति राहलकर ने बताया कि, बच्चियों की बढ़ती संख्या एवं उनके सभी विषयों की उपलब्धता के साथ बच्चों को अच्छा मंच देने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि, वर्तमान में महाविद्यालय में 500 से अधिक बच्चे अध्यनरत है।



उन्होंने कहा कि, विकास के 25 वर्ष में कुछ विषय ऐसे हैं, जिन्हें मजबूत एवं प्रासंगिक बनाना अनिवार्य है। इसमें कन्याओं की उच्च शिक्षा एवं उनके अवसरों की उपलब्धता शामिल है। पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष बंसी पांडे ने बताया कि, महाविद्यालय में संसाधनों के अभाव में भी बच्चों की शिक्षा के लिए महाविद्यालय परिवार की ओर जो लगन से काम किया जा रहा है, वह सराहनीय है। इस अवसर पर डॉ रामगोपाल अग्रवाल, बबीता बालकिशन अग्रवाल, गुलजीत सिंह, दिलीप तोलानी, मंडल अध्यक्ष नैनलाल साहू, महामंत्री प्रमोद सिंह ठाकुर, शुभम पांडे, निहाल साहू, ऋचा जांगड़े, डॉ विकास चंदानी, डॉ मनोज मिंज, अर्चना मरकाम, संध्या पैकरा, अविनाश सिंह, शोभा राम टाइगर, धीरज पांडे, ईश्वर प्रसाद यादव, अशोक पात्रे, विजय शंकर, सहित महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनुश्री पांडेय एवं आभार प्रदर्शन विकास चंदानी ने किया। डॉ रामगोपाल अग्रवाल ने घोषणा की कि, सत्र 2025-26 में जो भी छात्रा अंतिम वर्ष की परीक्षा में प्रथम आएगी उसे 21 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

### पॉक्सो एक्ट के दो आरोपियों को 10 साल का कारावास व जुर्माना

**मुंगेली।** अपर सत्र न्यायाधीश ने पॉक्सो एक्ट मामले में दोषी पाते हुए दो आरोपियों को दस वर्ष की कारावास और जुर्माने से दंडित किया है। अपर सत्र न्यायाधीश ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। सिटी कोतवाली में धारा 137(2)64 व धारा 3(5)351 बीएनएस एवं धारा 4 पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में आरोपी भूषण बर्मन पिता मलउवा बर्मन तथा विक्की ओगरे पिता राम ओगरे निवासी भदराली को दोषी पाते हुए उपरोक्त धाराओं के तहत दस वर्ष की कारावास सजा और जुर्माने से दंडित किया गया है। आरोपियों ने थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र में जबरदस्ती खेत में ले जाकर पीड़िता के साथ अनाचार किया था। अभियोजन ने 12 गवाहों के बयान न्यायालय के समक्ष कराए गए और यह साबित किया कि, आरोपियों ने नाबालिग पीड़िता के साथ अनाचार किया है। इस पर अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम ने दोनों आरोपियों को 10-10 वर्ष की कारावास एवं 9 हजार के अर्थदंड से दंडित करने फैसला सुनाया। साथ ही पीड़िता को 5 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति दिलाए जाने की अनुशंसा भी की है। अभियोजन की ओर से अधिवक्ता मोतीलाल साहू ने पैरवी की। शासन की ओर से लोक अभियोजक रजनीकांत सिंह ठाकुर पैरवी कर रहे है।

## शिशु मंदिर बरेला में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन

**जरहागांव।** सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति मुंगेली की ओर से जिला स्तरीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर बरेला में किया गया, जिसमें मुंगेली जिले के तीनों संकुल पथरिया, लोरमी व मुंगेली के छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार स्व शकुन पटेल की स्मृति में उनके सुपुत्र डॉक्टर हरीश पटेल ने प्रदान किया। द्वितीय पुरस्कार स्व बंशीलाल गुप्ता की स्मृति में उनके सुपुत्र नरेंद्र गुप्ता दुर्गेश किराना स्टोर की तरफ से प्रदान किया गया एवं तृतीय पुरस्कार संजय निर्मलकर अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर व नपं बरेला सभापति ने दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर पंचायत बरेला के अध्यक्ष नरेश पटेल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिष्ठित व्यवसायी घनश्याम अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष शेख जैनुल, सरस्वती शिशु मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय निर्मलकर, उपाध्यक्ष नोहर सिंह ठाकुर, जिला समन्वयक पेशी राम साहू, संकुल प्रमुख नोहर साहू, शेषनारायण यादव, नितेश पटेल, मुकेश पटेल, बंटी सेमरिया आदि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 600 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़,1500 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक, तवा फेक, तार गोला, कुर्सी दौड़, फुगड़ी दौड़, बोरा दौड़ आदि खेलों का आयोजन किय गया। सभी प्रतियोगियों को खेल प्रभारी अर्जुन चक्रधारी ने शपथ दिलाई एवं कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में सभी विद्यालयों से कुल मिलाकर 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर संरक्षक आचार्य, निर्णायक आचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिशु मंदिर बरेला प्राचार्य विनोद पटेल, संतोष पटेल, कृपाल सिंह ध्रुव, अखिलेश कश्यप, भारती देवांगन, मुस्कान परवीन, ललिता धुरी, सोनिया कश्यप, आरती दिवाकर, अंजनी निर्मलकर, रेशमा ठाकुर, भारती राधेलाल जायसवाल का योगदान रहा।



### समस्याओं के निराकरण के लिए लोगों ने दिया आवेदन



**मुंगेली।** जिला कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी एवं जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनी और नियमानुसार निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनदर्शन में बड़ी संख्या में आवेदकों ने अपनी मांगों को पूरा करने और समस्याओं के निराकरण की मांग की। जनदर्शन में ग्राम पैजनिया के ग्रामीणों ने सरपंच वंदना कश्यप के अवैध व कच्ची शराब और गांजा बिक्री पर रोक लगाने, बिरगांव की दिव्यांग मुकेश कश्यप और पथरिया की दिव्यांग दुवसिया ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिलाने, ग्राम नवागांव घुठेरा के भोजराम साहू ने शौचालय निर्माण कराने, ग्राम कोलिहाडीह के नीलकंठ जांगड़े ने स्वस्थ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित अन्य ग्रामीणों ने आवेदन सौंपकर और निराकरण की मांग की।

## पीएचई विभाग की कार्रवाई, हटाए गए अवैध नल कनेक्शन

**सेतगंगा-मुंगेली।** ग्राम पंचायत पौनी में नल-जल प्रदाय योजना की टंकी में जाने वाली मेन पाइप लाइन से कुछ ग्रामीणों द्वारा अवैध कनेक्शन निकाले जाने की शिकायत पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने त्वरित कार्रवाई की है।



मुंगेली विकासखंड के ग्राम पंचायत पौनी द्वारा विभाग को ज्ञापन सौंप कर बताया गया कि, लगभग 15 ग्रामीणों ने अवैध रूप से टंकी में जाने वाली मेन पाइप लाइन से कनेक्शन निकाल लिया था, जिसके कारण टंकी पूरी तरह भर नहीं पा रही था। साथ ही गांव के परिवारों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा था, जिससे कई घरों को स्वच्छ पेयजल का लाभ नहीं मिल पा रहा था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर मुंगेली एसडीओ आशीष मिश्रा, उप अभियंता प्रतीक पाटनी, पटवारी एवं पुलिस बल ने मौके पर जाकर स्थिति का निरीक्षण किया और सभी अवैध कनेक्शन तुरंत हटवाया गया। गौरतलब है कि, इसके पूर्व ग्राम पंचायत धरमपुरा में टुल्लू पंप से अवैध तरीके पानी लेने वाले ग्रामीणों के विरुद्ध भी विभाग ने पंप जब्ती की कार्रवाई की गई थी। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया है कि, नल-जल प्रदाय योजना राज्य शासन की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है, जिसका लाभ हर पात्र परिवार तक पहुंचाना प्राथमिकता है। पाइप लाइन से अवैध कनेक्शन निकालना दंडनीय कार्य है। भविष्य में भी इस प्रकार की अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य केन्द्र में मूलभूत सुविधाओं को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



**मुंगेली।** ग्राम घोरपुरा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तो है, लेकिन वहां स्टाफ की कमी है, जिससे वहां न तो ईलाज और ना ही डिलीवरी का केस लिया जाता है। स्थिति यह है कि स्वास्थ्य संबंधी सामान्य सुविधाओं के लिए भी ग्रामीणों को जिला अस्पताल का चक्कर काटना पड़ता हैं। परेशान ग्रामीणों ने 8 सितम्बर को सरपंच सहित अस्पताल जाकर स्टाफ से मुलाकात की एवं स्टाफ की कमी व डिलीवरी कराने की असुविधा को लेकर चर्चा की। मंगलवार 9 सितम्बर को कलेक्टर जनदर्शन में ग्रामीणों ने बृजेश सिंह के नेतृत्व में अस्पताल में स्टाफ की मांग व अस्पताल में डिलीवरी चालू कराने हेतु आवेदन दिया। आवेदन देने वालो में ग्राम पंचायत के सरपंच शिवकुमार जांगड़े, उपसरपंच मीनाक्षी विनय साहू, बृजेश सिंह परिहार, सुकदेव साहू, बेदराम साहू, ईश्वर साहू, किशन नेताम, करन चौहान, छन्नू साहू, धर्मेन्द्र साहू, गणेश ध्रुव, गंगाराम साहू, देव निर्मलकर, जितेन्द्र, पुरषोत्तम, जाखन आदि शामिल रहे।

### दुकान पर कब्जे को लेकर मारपीट, वीडियो वायरल, जुर्म दर्ज

# पार्षद पुत्र सहित दर्जन भर लोगों ने घर में घुसकर की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

पुराना गौरेला खैर माई चौक स्थित चार दुकानों के कब्जे को लेकर शुरू हुए विवाद ने काफी भयंकर रूप ले लिया। घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें एक पक्ष लाठी-डंडे लेकर दूसरे पक्ष के लोगों के साथ गाली-गलौज करते नजर आ रहा है।

पीपरखुंटी निवासी प्रदीप दुबे पिता गया प्रसाद दुबे ने गौरेला थाने में एफआईआर दर्ज करवाई कि खैर माई चौक स्थित 4 दुकानों पर कब्जा करने की नीयत से फावड़ा, रॉड आदि लेकर घर में घुसकर मेरे साथ, मेरे पुत्र विराट शर्मा, पुत्री क्लियम शर्मा एवं पत्नी जया शर्मा के साथ मारपीट की गई। शिकायत में प्रदीप दुबे ने बताया कि, मैंने अपनी स्वयं की आय से खैरमाई चौक के पास 4 दुकानों का निर्माण वर्ष 2008-9 में कराया था, तब से लेकर मैं अपनी दुकानों को लगातार चला आ रहा हूं। उक्त दुकानों के पीछे ही मेरा मकान भी है, लेकिन वर्तमान वर्तमान में पीपरखुंटी में रहता हूं। मेरे भाई संदीप दुबे, राजेश दुबे एवं संजय दुबे मिलकर मेरी दुकान पर अवैध रूप से कब्जा जमाने का प्रयास करते रहे हैं, लेकिन असफल रहे। इस पर उन्होंने फर्जी दस्तावेज बटंवारानामा तैयार दुकानों का सौदा साजन अग्रवाल पिता सुभाषचंद अग्रवाल के साथ कर लिया। पार्षद रज्जे अग्रवाल का पुत्र पीयुष अग्रवाल उर्फ विक्की, पुत्रवधु प्रियंका अगवाल, पुत्र अनुभव अग्रवाल, प्रिंश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल आत्मज किशोरीलाल अग्रवाल, नीरज अग्रवाल उर्फ सन्नी, कालू अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, अपने 23-24 कर्मचारी व अन्य गुंडे मेरी दुकान व घर में फावड़ा एवं रॉड लेकर घुस गए। मेरे मना करने पर साजन अग्रवाल ने मुझे धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया एवं अपने भाई भाई चिंटू अग्रवाल के साथ लात, घूंसों से मुझ पर हमला कर दिया। इसके बाद विक्की अग्रवाल उर्फ पियुष ने मेरे पुत्र विराट पर हमलै कर उसे घायल कर दिया। इसके बाद पियुष अग्रवाल ने मेरी पत्नी के सिर पर फावड़े की बेंत से हमला कर दिया एवं उसके बाल पकड़ कर घसीटते हुए उसके साथ मारपीट की। साथ ही मेरी पुत्री क्लियम के साथ भी मारपीट व अश्लील गाली-गलौज की गई। मामले में पुलिस ने पियुष अग्रवाल , पुत्रवधु पियंका अग्रवाल , अनुभव अग्रवाल , प्रिंश अग्रवाल , मुकेश अग्रवाल , नीरज अग्रवाल उर्फ सन्नी, कालू अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 191 (3), 296, 333, 351 (3) के तहत अपराध कायम किया है।



महिला का हाथ पकड़कर खींचते आरोपी व घटनास्थल पर खड़े लोग।

#### जल्द ही होगी कार्रवाई

मामला संज्ञान में आया है एवं एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जल्द ही पुलिस अग्रिम कार्रवाई करेगी।

**-ओम चंदेल,** अति पुलिस अधीक्षक

#### मामला दर्ज किया गया

मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है। दरअसल चार भाइयों के नाम पर चार दुकानें थीं, तीनों भाइयों ने अपनी अपनी दुकानों को अग्रवाल परिवार को बेच दिया है। दुबे परिवार का कहना है कि, अभी बंटवारा नहीं हुआ है फिर दुकान कैसे बेच दी गई। इसी को लेकर मारपीट हुई है, जिसमें दुबे परिवार के तीन लोगों को चोटें आई हैं।

**-श्याम सिदार,** एसडीओपी गौरेला

## निधन

### उमाशंकर तिवारी



बिलासपुर। खपरगंज निवासी उमाशंकर तिवारी (गुरूजी) का 9 सितंबर को निधन हो गया है। वे 88 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा 10 सितंबर को सुबह 11 बजे उनके खपरगंज मारवाड़ी लाइन स्थित निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे कुदुदंड स्कूल की प्राचार्य डा. रीता तिवारी एवं राजेन्द्र तिवारी मुन्नू के पिता थे।

### कुमुदिनी दिनकर



बिलासपुर। मोपका निवासी कुमुदिनी दिनकर का निधन 9 सितंबर को हो गया। वे 20 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार लखराम के मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे दो बहन एक भाई छोड़ गई है।

### इशतियाक अहमद सिद्दीकी



बिलासपुर। भारतीय नगर निवासी हाजी इशतियाक अहमद सिद्दीकी का इंतकाल हो गया। जिनकी जनाजे की नमाज 10 सितंबर को शाम 4 बजे खामोश गंज मरीमाई में अदा की जाएगी। वे इमतियाज अहमद, इरशाद अहमद (लड्डू भाई),रियाज अहमद,डॉ मोहसीन के वालिद थे।

### रामदयाल अग्रवाल



बिलासपुर। जेपी पार्क तोरवा निवासी रामदयाल अग्रवाल बिल्हा वाले का 7 सितंबर को निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 8 सितंबर को तोरवा मुक्तिधाम में किया गया। वे गोवर्धन अग्रवाल ,मनीष अग्रवाल के पिता थे।

### चुन्नी लाल केशरवानी



बिलासपुर। रामा लाइफ निवासी चुन्नी लाल केशरवानी का 9 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकरी मुक्तिधाम में किया गया। वे संध्या केशरवानी के पति, विवेक, अभिषेक केशरवानी के पिता थे।

### राधाबाई विश्वकर्मा



करगीरोड कोटा। डाक बंगला पारा पीडब्लूडी रेस्ट हाउस निवासी स्व छेदीलाल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी राधाबाई विश्वकर्मा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटेश्वर मुक्तिधाम किया गया। वे हरिशंकर विश्वकर्मा की मां, विकास, शेखर, पूर्व, अभिनंदन विश्वकर्मा की दादी थीं।

### रामसिंह परिहार



करगीरोड कोटा। कोटा निवासी रामसिंह परिहार का मंगलवार 9 सितंबर को सुबह 5 बजे निधन हो गया। बुधवार सुबह 10:30 बजे उनकी अंतिम यात्रा पीके रेस्टोरेंट के पीछे स्थित उनके निज निवास से कोटेश्वर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे विजय परिहार एवं विक्रम परिहार के पिताजी थे।

### ब्रजरानी गुप्ता



करगीरोड कोटा। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक स्व मोला प्रसाद गुप्ता की धर्मपत्नी ब्रजरानी गुप्ता का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार फिरंगीपारा मुक्ति धाम में किया गया। वे सत्यनाराय नान भैया, विष्णु की माता थीं।

## खरगहना में छात्राओं को किया गया सायकल वितरण

# शिक्षा ही समाज में बदलाव ला सकती है: धर्मजीत

**स्कूल में प्रार्थना शेड के लिए विधायक ने दिए दस लाख**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

शिक्षा जीवन का मूल आधार है, और इसी से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में अमूमन यह देखने को मिलता है कि, प्राथमिक शिक्षा के बाद शिक्षण संस्थानों से दूरी और आवागमन के संसाधनों के अभाव में बालिकाएं शिक्षा से वंचित रह जाती हैं।

इन परिस्थितियों की वजह से देश और प्रदेश की शिक्षा दर में गिरावट आने लगी थी, जिसे ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने बालिकाओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने और आवागमन के संसाधन उपलब्ध कराने के लिए सरस्वती साइकल योजना प्रारंभ की। इससे न केवल उनकी शिक्षा में निरंतरता बनी रहेगी, बल्कि आत्मनिर्भरता की भावना भी विकसित होगी। उक्त बातें ग्राम खरगहना शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित साइकल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कही। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की मांग पर विद्यालय परिसर में प्रार्थना शेड निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की और घुटकु में शासकीय महाविद्यालय खुलवाए जाने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने वर्तमान में उच्च शिक्षा अध्ययन हेतु आवागमन के लिए सिटी बस को लमेर खरगहना तक चलाने की घोषणा की। कार्यक्रम में



छात्राओं को सायकल का वितरण करते विधायक धर्मजीत सिंह।

सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाली छात्राओं की टीम को विधायक ने 5 हजार नकद देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने से निश्चित तौर से समाज में नारी सशक्तिकरण हो रहा है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने से एक नहीं बल्कि दो घर शिक्षित होता है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिला पंचायत सभापति भारती माली, जपं तखतपुर उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा, जपं सदस्य द्वय हीरा मरकाम, रवि सोनी, मंडल अध्यक्ष विनोद यादव, मंडल महामंत्री बलराम पटेल, सरपंच मनबोध राम मेहर ने भी संबोधित किया। स्वागत भाषण प्राचार्य मंजू एक्का ने प्रस्तुत किया एवं कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुरेश यादव, नरेन्द्र साहू ने किया। आभार प्रदर्शन सचिव हर प्रसाद भास्कर ने किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राधेलाल ध्रुव, रामचंद्र यादव, भाजपा नेता बिहारी सिंह टोडर, गनियारी सरपंच नागेश्वर वर्मा, घुटकु सरपंच तिलक वर्मा, उपसरपंच गिरीश साहू, जिला कार्यकारणी सदस्य देवीलाल साहू, मंडल महामंत्री मोहन पाटले, राजकमल साहू, योगेश गुप्ता, सतीश सोनकर, सतीश साहू, डॉ अरुण सराफ, राजकमल साहू सहित विद्यालय के अध्यापक, अभिभावक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# स्कूल की दूरी अब बेटियों की शिक्षा में बाधा नहीं बनेगी: मरपच्ची

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय सिवनी में सायकल वितरण एवं शाला भवन लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची शमिल हुए। श्री मरपच्ची ने छत्तीसगढ़ शासन की निशुल्क सरस्वती सायकल योजना के तहत छात्राओं को सायकल प्रदान की एवं नई बिल्डिंग का फीता काटकर उद्घाटन किया।

**खास बात**

- आत्मानंद स्कूल में सायकल वितरण व नए भवन का लोकार्पण

श्री मरपच्ची ने कहा कि, सरकार की यह योजना बेटियों की पढ़ाई को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। गांव से स्कूल आने-जाने की दूरी अब बेटियों की शिक्षा में बाधा नहीं बनेगी। पढ़ाई के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी छात्राएं आगे बढ़ें, यही हमारी अपेक्षा है। साथ ही उन्होंने आने वाले समय में मरवाही क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों को और भी बेहतर सुविधाओं से जोड़ने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आधुनिक भवन, प्रयोगशाला और पुस्तकालय जैसी सुविधाएं जरूरी हैं। नई बिल्डिंग से विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण मिलेगा और उनकी प्रतिभा निखरेगी। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश दीक्षित, महामंत्री किशन ठाकुर, मंडल अध्यक्ष हेमचंद मरावी, लोकेश गुप्ता सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, विद्यालय स्टाफ और सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, नई बिल्डिंग और सायकल दोनों ही विद्यार्थियों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में अहम योगदान देंगे।



कार्यक्रम में शामिल विधायक प्रणव मरपच्ची।

### सायकल पाकर उत्साहित दिखी छात्राएं

विधायक के हाथों सायकल पाकर छात्राएं उत्साहित नजर आईं। सिवनी की कक्षा 9वीं की छात्रा ने कहा कि, पहले रोज 4 किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल आना पड़ता था, अब सायकल से समय भी बचेगा और पढ़ाई में मन भी लगेगा। वहीं एक अन्य छात्रा ने कहा कि, यह सायकल हमें सिर्फ आने-जाने की सुविधा नहीं देगी, बल्कि आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास भी बढ़ाएगी।

# फर्जी कंपनी ने निवेश के नाम पर लोगों से की लाखों की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

तेजी से अमीर बनने के सपनों में डूबे निवेशकों को यो-एक्सचेंज नामक कंपनी ने तगड़ा झटका दिया है। बीते कुछ महीनों से तखतपुर बाजार में यह कंपनी चर्चा का विषय बनी हुई थी। कंपनी के एजेंट और प्रतिनिधि लोगों को समझाते थे कि क्रिप्टो करेंसी और शेयर मार्केट में निवेश करने से हर महीने 10 से 20 प्रतिशत तक का पक्का मुनाफा मिलेगा। यही नहीं, कंपनी यह दावा भी करती थी कि, उसके पास अंतरराष्ट्रीय स्तर का ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म है, जहां से वह बिटकॉइन जैसी क्रिप्टोकरेंसी और शेयरों में स्मार्ट ट्रेडिंग करती है। एजेंट लोगों को यह दिखाने के लिए फर्जी ग्राफ और मुनाफे के चार्ट दिखाते थे, ताकि निवेशकों को लगे कि उनकी पूंजी हर दिन बढ़ रही है।

- ऑनलाइन ट्रेडिंग से मुनाफा कमाने की लालच में शिकार हुए लोग

### धीरे-धीरे बढ़ा निवेश

शुरुआत में कई व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने छोटे-छोटे निवेश किए एवं उनको शुरुआती हफ्तों में मामूली रकम भी लौटाई गई। इससे उनका भरोसा और बढ़ गया और लोगों ने लाखों रुपए कंपनी में जमा करना शुरू कर दिया। अचानक एक दिन कंपनी की वेबसाइट और लिंक बंद हो गए। लोगों को अब यह समझ में आ रहा है कि, यो-एक्सचेंज दरअसल एक फर्जी कंपनी थी, जिसका भारत में कोई पंजीकरण ही नहीं है।

### लोगों के लाखों रुपए डूबे

अनुमान है कि, तखतपुर और आसपास के इलाकों से कंपनी ने लाखों-करोड़ों रुपये ऐंठ लिए हैं। अब निवेशक भयंकर आर्थिक संकट में हैं। कई लोगों की जीवन भर की बचत इस लालच में चली गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि, कंपनी और उसके एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को न्याय मिल सके और आगे कोई और इस तरह की धोखाधड़ी का शिकार होने से बच जाए।

# कानफोड़ू आवाज में डीजे बजाने पर पुलिस की कार्रवाई

**सीपत।** ग्राम मोहरा और पंधी में गणेश विसर्जन के दौरान कानफोड़ू आवाज में बज रहे डीजे के खिलाफ सीपत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने पिकप वाहन सीजी 10 बीएम 0819 और स्वराज माजदा सीजी 16 सीपी 1610 समेत डीजे साउंड सिस्टम को जब्त कर लिया। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ कोलाहल अधिनियम 1985 के अंतर्गत की गई। टीआई गोपाल सतपथी ने बताया कि, विसर्जन ड्यूटी के दौरान डीजे संचालक द्वारा तेज ध्वनि में डीजे बजाकर आम नागरिकों को परेशान करने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची तो मोहरा निवासी सुरेंद्र कुमार रजक उम्र 25 वर्ष और दर्रीघाट निवासी दीपक यादव उम्र 28 वर्ष बिना अनुमति पत्र के डीजे बजाते हुए मिले। गौरतलब है कि, विसर्जन से पहले बैठक कर डीजे संचालकों को उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन करने की हिदायत दी गई थी। इसके बावजूद तेज ध्वनि में डीजे बजाकर आदेशों का उल्लंघन किया गया। डीजे संचालकों द्वारा ध्वनि प्रदूषण संबंधी नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर उनके खिलाफ छत्तीसगढ़ कोलाहल अधिनियम 1985 की धारा 4, 5, 6, 15 और 16 के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।



# फसल की सुरक्षा के लिए लगे खंभे, तार को तोड़ रहे बदमाश, किसान परेशान

मस्तूरी। विकास खंड की ग्राम पंचायत पाराघाट में धान की फसल को आवारा मवेशियों से बचाने के लिए खेत के चारों ओर लगाए गए खंभे व तार को असमाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किया जा रहा है, जिससे किसान काफी परेशान हैं। गौरतलब हो कि, इस क्षेत्र में गांव के किसानों के पास जीवन यापन के लिए एक मात्र सहारा खरीब फसल ही है। खेती के दिनों में हर किसान अपने फसल को लेकर काफी चिंतित रहते हैं, और जब तक फसल पक कर तैयार नहीं हो जाती, तब तक किसानों के मांथे पर चिंता की लकीरें रहती हैं।

फसल को तरह तरह की बिमारियों से बचाने के लिए विभिन्न प्रकार की महंगी दवाओं की खरीदी करने में ही हजारों रुपयों कि बर्बादी होती है। ऐसे में फसल पर आवारा मवेशियों का हमला किसानों को तोड़कर रख देता है, लेकिन उपद्रवियों असमाजिक तत्वों को इन सब चीजों से कोई सारोकार नहीं है। इन सभी परेशानियों से हर एक गांव के किसान को जूझना पड़ रहा है, लेकिन इन दिनों ग्राम पाराघाट में कुछ विशेष तरह की घटनाएं घट रही हैं। ऐसा मालूम पड़ता है कि, असामाजिक तत्व सोची-समझी रणनीति के तहत कुछ विशेष लोगों के खेतों की फसल को क्षति पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। किसानों की मानें तो, बहरा खार में खेती करने वाले किसान आवारा मवेशियों से फसल को बचाने के लिए खेतों के चारों तरफ सीमेंट का खम्भां व तार लगाकर घेरा बनाया है, जिसे दिन प्रतिदिन असामाजिक तत्व उखाड़कर तोड़ देते हैं। किसानों ने बताया कि, घेरा टूट जाने से आवारा मवेशी खेतों तक आसानी से पहुंच कर फसल को चारागाह बना देते हैं। समय रहते गांव के लोगों ने अगर अपने जानवरों पर अंकुश नहीं लगाया तो, फसल को नुकसान से बचाना संभव नहीं होगा।



# ब्रह्माकुमारीज ने निकाला नशामुक्ति जागरूकता रथ

**गांव-गांव पहुंचाया जाएगा व्यसन छोड़ने का संदेश**

**सीपत।** समाज को व्यसनमुक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र सीपत की ओर से मंगलवार को नशामुक्ति रथ का शुभारंभ किया गया। एनटीपीसी सीपत के कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख विजय कृष्ण पाण्डेय ने हरी झंडी दिखाकर इस रथ को रवाना किया।

इस दौरान बीएचईएल प्रोजेक्ट डायरेक्टर दीपक राठौर, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, एनटीपीसी एचआर जयप्रकाश सत्यकाम, बीएचईएल डीजीएम एचआर चन्द्रशेखर गुप्ता, सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार, थाना प्रभारी गोपाल सतपथी, बाल भारती स्कूल के प्रिंसिपल शलभ निगम, लायंस क्लब इंटरनेशनल के कैबिनेट सेक्रेटरी डॉ कमल छाबड़ा सहित जांजी, देवरी और कौड़िया के सरपंच विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक विजय कृष्ण पाण्डेय ने कहा कि, नशा समाज को खोखला करने वाली सबसे बड़ी बुराई है। यह व्यक्ति का स्वास्थ्य बिगाड़ता है, परिवार की खुशियां छीनता है और समाज में अपराध को जन्म देता है। नशा क्षणिक सुख देता है, लेकिन उसका परिणाम जीवनभर दुख ही होता है। भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि, व्यसन व्यक्ति और परिवार दोनों को बर्बाद कर देता है, इसका समाधान सामूहिक प्रयास से ही संभव है। एचआर डीजीएम जयप्रकाश सत्यकाम ने नशे को कार्यक्षमता और मानसिक संतुलन का सबसे बड़ा दुश्मन बताया। चन्द्रशेखर गुप्ता ने युवाओं और ग्रामीणों को जागरूक करने की आवश्यकता जताई। सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार ने कहा कि, यह रथ गांव गांव जाकर महिलाओं और परिवारों को व्यसन मुक्त जीवन का संदेश देगा। टीआई गोपाल सतपथी ने कहा कि, अधिकांश अपराधों की जड़ नशा है। पिछले 8 माह से सीपत क्षेत्र में नशा विरोधी अभियान चलाया जा रहा है, जिसका सकारात्मक असर दिख रहा है। बिलासपुर सेवा केंद्र की संचालिका बीके स्वाति दीदी, ने कहा कि यह रथ केवल जागरूकता नहीं फैलाएगा, बल्कि लोगों को राजयोग ध्यान के माध्यम से आत्मबल प्रदान करेगा। ऑडियो-विजुअल सामग्री, साहित्य और स्लोगन के जरिए नशे से होने वाले दुष्परिणाम तथा मुक्ति के उपाय बताए जाएंगे। कार्यक्रम को बाल भारती स्कूल के प्राचार्य शलभ निगम, डॉ कमल छाबड़ा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर एवं गांवों के लोग उपस्थित रहे।




**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/ /तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 01.09.2025

ग्राम तिफरा के सर्व साधारण/ आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम तिफरा प.ह.नं. 40 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 1203 रकबा 2193 वर्गफुट एकड़ भूमि की फौती नामांतरण/ नामांतरण/ अभिलेख सुधार के लिए श्री सूर्यकांत तिवारी आ. स्व. रामबहोरन तिवारी निवासी जेल लाईन बिलासपुर द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 22.09.2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगें।

आज दिनांक ..../.../2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर छ.ग.**

राजस्व मामले का नोटिस/समंस
क्रमांक/क/अति. तह./वाचक/2025
बिलासपुर, दिनांक 08/09/2025

एतद द्वारा बेला. मु. जान केंसिस पति स्व. केद हनरि निवासी तोरवा को सूचित किया जाता है कि ग्राम तोरवा प.ह.न. 37 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 327/1, 327/3, 332/9 रकबा 0.0160, 0.0280 एकड़/ हेक्टेयर भूमि की 52.5 के लिए श्री मिशनरीस ऑफ पिता/पति चैरिटी द्वारा सिस्टर निवासी एम जोसेफ एम.सी. द्वारा आवेदन किया गया।

उक्त प्रकरण के सुनवाई दिनांक 23/09/2025 के लिए नियत है। अत: आप दिनांक 23/09/2025 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही किये जावेगे।

आज दिनांक 08/09/2025 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

अति. तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार मोहन पुरी गोस्वामी से प्राप्त अधिकार से अधिकृत एवं निर्देशित होकर यह आम सूचना सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित है कि ग्राम खजुरी नवागाँव प.ह.न. 27 रा.नि.म. व तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि ख.न. 561/1, रकबा 0.93 एकड़ भूमि जो कि जमीन मालिक श्रीमति सरिता बजाज पति श्री राजकुमार बजाज जाति सिन्धी निवासी सिन्धी कॉलोनी कस्तूरबा नगर तहसील व जिला बिलासपुर (छ. ग.) के नाम, स्वामित्व की भूमि जो राजस्व अभिलेखों में दर्ज है, उक्त वर्णित भूमि को मेरा पक्षकार श्री मोहन पुरी गोस्वामी पिता स्व. सतेल पुरी गोस्वामी निवासी नेचर सिटी सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा किया गया है।

यह कि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि को विधिवत पंजीयन (रजिस्ट्री) निकट भविष्य मे कराया जाना है। उक्त भूमि को मेरे पक्षकार द्वारा क्रय किये जाने पर अगर किसी व्यक्ति, राष्ट्रीय कृत बैंकों, वित्तीय सस्थानो को किसी प्रकार कि आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर अपना दावा के समर्थन में समस्त मय लिखित दस्तावेजो के साथ निचे लिखे पता पर प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्ति के पश्चात किसी प्रकार कि आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा भूमि का पंजीयन (रजिस्ट्री) मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में करा लिया जायेगा।
सो सूचना जाने।
दिनांक 09/09/2025

**उमाशंकर चंद्रनाहू**
**अधिवक्ता/ नोटरी**
**सिविल न्यायालय बिलासपुर छ.ग.**
**मोबाईल न. 9300650290/ 9302157641**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

: विवाह सूचना का प्रकाशन :
क्रमांक क/ /वाचक/अति.कले./2005
बिलासपुर दिनांक: 29.04.2005

श्री विनोद कुमार मंडावी आत्मज स्व. भारत राम मंडावी (श्रीमती शांति बाई) उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम बड़ेपारा डुमाली पो. डुमाली थाना व तहसील कांकेर जिला कांकेर छ.ग.एवं कुमारी श्वेता रानी ध्रुव आत्मजा श्री नरेन्द्र सिंह ध्रुव उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम पो. बिल्हा, महात्मा गांधी चौक वा.क्र. 05 थाना व तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत: प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति / दावा इस कार्यालय में दिनांक 16.10.2025 को प्रात: 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



श्री विनोद कुमार मंडावी



कुमारी श्वेता रानी ध्रुव

(ज्योति पटेल)
अतिरिक्त कलेक्टर एवं
विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास, सैदा (सकरी), बिलासपुर में निर्मित एल.आई.जी. भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी. -203 आबंटी श्रीमती रेहाना बेगम पति श्री शेख हसन के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 19.01.2015 को पंजीकृत किया गया हैं। आबंटी अपने उक्त भवन को नाम श्री अजीत कुमार कश्यप पिता श्री केजूराम कश्यप को विक्रय करना चाहते है। जिसके लिये विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्ध शासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र............... ./2024-25
ग्राम सम्बलपुरी, तहसील-सकरी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिल वस्त्रकार, पिता श्री कन्हैया लाल वस्त्रकार, निवासी ग्राम सम्बलपुरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर के द्वारा ग्राम सम्बलपुरी, प.ह.नं. 40, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 557/4, 556/5 (शामिल खसरा नंबर 557/3, 558/2,) 555/2, 553/1, 555/3 रकबा 0.2100, 0.2540, 0.1210, 0.2550, 0.1220 कुल खसरा 05 कुल रकबा 0.9613 हेक्टेयर भूमि अनिल वस्त्रकार पिता कन्हैयालाल वस्त्रकार के नाम पर राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि का सम्पूर्ण खसरा एवं सम्पूर्ण रकबा का एकीकरण कराये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 18/9/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। सुनवाई दिनांक के उपरांत कोई दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 2/9/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार,सकरी**

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

ईश्तहार

क्रमांक / /क/वा/ना.तह./2025
सकरी दिनांक 4/9/2025

आवेदिका अस्तेरिया एक्का पति स्व. पियुस एक्का निवासी वैष्णवी विहार अमेरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत आवेदन के अनुसार ग्राम अमेरी प.ह.न. 43 रा.नि.म. व तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. में आवेदिका के पति स्व. पियुस एक्का का दिनांक 05/11/2024 को दुखद निधन हो गया। उनके निधन के उपरांत उनके वैध आश्रितता प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 18/9/25 के पूर्व कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत कर सकते है, उक्त तिथि के पश्चात प्रकरण में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 4/9/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार, सकरी**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अटल विहार योजना चिल्हाटी बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.90 मूल आबंटी श्री रवि कुमार अतरानी पिता श्री अशोक कुमार अतरानी एवं श्रीमती ममता अतरानी पति श्री रवि कुमार अतरानी के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 02.03.2021 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 22.04.2025 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को नाम श्री मुलख सिंह संधु पिता श्री सुब्बा सिंह संधु एवं श्री गुरदीप सिंह संधु पिता श्री सुब्बा सिंह संधु के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

मा.क्र. / अ-63/2024-25
ग्राम घुरू, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम घुरू प.ह.न. 61 तहसील सकरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती गौतरहीन साहू पति श्री रामेश्वर साहू निवासी यादव नगर तिफरा बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा लेख किया गया है कि ग्राम घुरू प.ह.नं. 61 तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित ख.न. 413/15 रकबा 1181 वर्गफीट भूमि आवेदिका के नाम दर्ज है। किन्तु वर्तमान ऑनलाईन रिकार्ड में उक्त भूमि स्वामी का नाम खाली /ब्लैंक दिखा रहा है। जिसे सुधार किये जाने हेतु भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 19.09.2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 03.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार, सकरी

**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि दीपक कुमार पटेल पिता तुलेश्वर पटेल के द्वारा परिवर्तित भूमि मौजा सकरी हंसा लाईफ सिटी स्थित प.ह.नं. 26/45 रा.नि.मं. सकरी विकास खण्ड व तह. तखतपुर में स्थित भूमि ले.आ.भू.क्र.25, जिसका खसरा नं. 319 में से रकबा 1980 वर्गफीट जिला बिलासपुर द्वारा अपने उक्त भूमि को ऋषि कुमार सिंह पिता स्व.भरत सिंह को विक्रय करना चाहते हैं।

यदि किसी व्यक्ति /शासकीय/ अर्धशासकीय/वित्तीय संस्था /बैंक इत्यादि को उक्त भूमि के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो मुझे लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस ईश्तहार प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**विपिन सिंह ठाकुर**
**अधिवक्ता**
**R/o ओम जोन गेट के पास मुंगेली रोड शुभम विहार, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**पिन नं. 495001**
**मो.नं. -7000152163**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अभिलाषा परिसर तिफरा बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक 04 बी.एच.के. ब्लॉक सी.-101 प्रथम तल मूल आबंटी श्रीमती सविता तिवारी पति स्व. श्री अभय तिवारी के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 23.06.2016 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 12.08.2025 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को नाम श्रीमती प्रतिभा सिंह पति श्री हर्ष सिंह के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- बिलासपुर (छ.ग.)**

**खबर संक्षेप**

## खनिजों का अवैध परिवहन करते 5 वाहन जब्त



**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं उप संचालक खनिज विभाग के मार्गदर्शन में जिले में खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज अमला द्वारा सीपत, पंधी, देवरी, कौड़िया, सेंदरी, लोफन्दी एवं कछार क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। जहां कौड़िया क्षेत्र अंतर्गत बिना वैध अभिवहन पास के परिवहन कर रहे खनिज साधारण पत्थर लोड 5 ट्रैक्टर ट्राली वाहन को जब्त किया गया। अवैध परिवहन करते पाए गए वाहनों को पुलिस थाना सीपत की अभिरक्षा में रखा गया है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

## ट्रेनें रद्द और विलंब से स्टेशन वीरान

**बिलासपुर।** लोकल ट्रेनों के रद्द और एक्सप्रेस ट्रेनों की लेट लतीफी के कारण दोपहर को बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म वीरान हो रहा है। रद्द और लेट लतीफी ट्रेनों के कारण यात्री हलाकान हो रहे हैं। मंगलवार को बिलासपुर आने वाली 22866 पुरी-मुम्बई एलटीटी साप्तहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस 3 घंटे, 20807 विशाखापट्टनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस 2 घंटे, 12101 मुम्बई एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस ज्ञानेश्वरी सुपरडीलक्स एक्सप्रेस 5 घंटे, 12262 हावड़ा-सीएसएमटी एसी दूरंतो एक्सप्रेस 9 घंटे, 18478 योगनगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस 15 घंटे विलंब से बिलासपुर स्टेशन पहुंची। वहीं बिलासपुर से रायगढ़ के बीच चलने वाली 68736 बिलासपुर-रायगढ़ लोकल मेमू रद्द रही।

## जीएम ने की इंटरकाम एक्सप्रेस की ओपनिंग

**बिलासपुर।** रेलवे में दूरसंचार सेवाओं को अधिक आधुनिक और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए जोन के जीएम तरूण प्रकाश ने जोन मुख्यालय में जीएम इंटरकॉम एक्सप्रेस का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक विजय कुमार साहू, प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर जीपी खूंटे, मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल, अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। जीएम ने निर्देश दिया कि इस आधुनिक दूरसंचार सुविधा को शीघ्र ही रायपुर एवं नागपुर डिवीजन सहित रेल आवास में भी एकीकृत किया जाए, जिससे व्यापक स्तर पर रेल अफसरों एवं कर्मचारियों को लाभ मिले।

## प्रमुख स्टेशनों पर चला स्वच्छता अभियान

**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर के सभी प्रमुख स्टेशन पर नामित अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों ने गहन निरीक्षण कर स्वच्छता अभियान चलाकर स्टेशन परिसर, पटरियों में बेहतर सफाई तथा अपशिष्ट कचरे के उचित निष्पादन सुनिश्चित किया। इस दौरान क्लीन ट्रेन स्टेशन सीटीएस योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के अलावा सफाई कर्मचारियों को उपलब्ध कराए गए मशीनों एवं उनके सुचारू संचालन की जांच की गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि इन सतत प्रयासों से रेल परिसर में न केवल स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा।

---


**एक-दूसरे को चिट्ठी लिख रहा विभाग** | **बजट के अभाव में लटका कृत्रिम अंगों का वितरण व निर्माण**


# 51 दिव्यांगों को डेढ़ साल से 'हाथ-पैर' का इंतजार, केवल चिट्ठी 'चल' रही

**खास खबर**

**बिलासपुर।** जिला पुनर्वास केंद्र में कृत्रिम अंगों के लिए आवेदन लगाकर जिले के 51 दिव्यांगों द्वारा पिछले डेढ़ साल से 'हाथ-पैर' का इंतजार किया जा रहा है। कृत्रिम अंगों की बदौलत आवेदक दिव्यांग कब तक चल सकेंगे यह तो किसी को नहीं पता, लेकिन बजट के अभाव से जूझ रहे पुनर्वास केंद्र की बीते डेढ़ साल से चिट्ठी जरूर चल रही है।

समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित जिला पुनर्वास केंद्र बीते डेढ़ वर्षों से दिव्यांगों को कृत्रिम अंग उपलब्ध नहीं करवा पा रहा है। इसके पीछे प्रमुख कारण कृत्रिम अंगों के निर्माण या खरीदी के लिए विभाग के पास संसाधनों का उपलब्ध न होना एकमात्र कारण है। ऐसी हालत में विभाग उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर अपनी परेशानी बयां कर रहा है। जिला चिकित्सालय के पीछे स्थित जिला पुनर्वास केंद्र समाज कल्याण विभाग का वह विभाग है, जहां दिव्यांग जनों के लिए उनकी मांग एवं विभाग की प्राथमिकता के अनुसार उपकरण एवं कृत्रिम अंगों की व्यवस्था की जाती है। अंगों की व्यवस्था से पूर्व विकासखंड स्तर पर आयोजित शिविरों के माध्यम से चिकित्सकों द्वारा इस बात की जांच की जाती है कि जिन दिव्यांगों के द्वारा कृत्रिम अंगों की मांग की गई है, उन्हें अंग की आवश्यकता है या सर्जरी की। इसके आधार पर ही आगे की प्रक्रिया पूरी की जाती है। दिक्कत यह है कि इस पूरी प्रक्रिया को पार करने के बाद बीते डेढ़ साल से दिव्यांग चलने का संपना संजोए बस अपने कृत्रिम अंगों के आने की राह देख रहे हैं।





### खुद दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की वर्कशॉप

जिला पुनर्वास केंद्र में ही उनका अपना वर्कशॉप है, जहां कृत्रिम अंग तैयार किए जाते हैं। कृत्रिम अंग बनाने वाले यहां पदस्थ कारीगर कांत राव सिलारपो की तीन साल पहले मृत्यु क्या हुई यह वर्कशॉप खुद दिव्यांग हो गया है। उनकी मौत के बाद विभाग ने अन्य कारीगर को बतौर विजिटर नियुक्त किया है, जो महीने में दो बार यहां आकर कृत्रिम अंगों का निर्माण किया करेंगे, लेकिन इनके भुगतान की भी कोई व्यवस्था नहीं हो पाने के कारण इनका आना बंद हो गया है। लिहाजा आज की स्थिति में कृत्रिम अंगों के निर्माण पर ब्रेक लग गया है व विभाग का वर्कशॉप धूल खा रहा है।

### ट्राईसिकल व व्हील चेयर भी खत्म, डिमांड भेजा

पुनर्वास केंद्र में ट्राईसिकल, व्हील चेयर, हियरिंग मशीन, बैसाखी जैसे मूलभूत उपकरण भी उपलब्ध नहीं हैं, जिसकी डिमांड शासन से की गई है। इस संबंध में विभाग द्वारा बीते दिनों कलेक्टर से मांग की गई थी, जिस पर गंभीरता से पहल करते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा फंड आने तक निराश्रित निधि से पांच लाख रूपए स्वीकृत किए गए थे। हालांकि स्वीकृति के बाद भी आज दिनांक तक उपकरणों की खरीदी या वितरण नहीं किया जा सका है।

### संचालक समाज कल्याण को भेजा गया पत्र


उपकरणों की डिमांड लगभग रोज ही आती है। हमारे पास जितने भी उपकरण उपलब्ध थे सारे वितरित किए जा चुके हैं। शेष के लिए डिमांड भेजा गया है। इसी तरह समग्र शिक्षा के माध्यम से आए दिव्यांग विद्यार्थियों के प्रकरण व पुनर्वास केंद्र के व्यस्क आवेदकों को मिलाकर कुल 51 आवेदक हैं, जिन्हें करीब सवा साल से कृत्रिम अंग नहीं मिल सके हैं। इसकी उपलब्धता या फंड की व्यवस्था के लिए भी संयुक्त संचालक व संचालक समाज कल्याण को पत्र भेजा गया है।

–**श्रद्धा मैथ्यू**, जिला पुनर्वास अधिकारी

---

**महिला समृद्धि बाजार की 10 और बृहस्पति बाजार की तीन दुकानों पर लगाया गया ताला**

# 15 सालों से जमा नहीं किया 18 लाख निगम ने 13 दुकानों को सील कर दिया



दुकान सील करते निगम के कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए नगर निगम प्रशासन नेहरू नगर में महिला समृद्धि बाजार के लिए दो मंजिल के काम्प्लेक्स का निर्माण कराया। इसके एवज में लाखों रुपए खर्च किए गए। 93 दुकानें महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए प्रदान किया गया। दुकान संचालकों ने लेकिन 15 सालों से किराया जमा नहीं किया। इसके कारण करीब 80 लाख रुपए का किराया बाकी है।

- **शटर पर सूचना चस्पा की गई, किसी भी किराएदार ने सील तोड़ी तो दर्ज होगी एफआईआर**

निगम ने नोटिस के बाद इसमें से 10 दुकानों को सील कर दिया है। इसके साथ ही बृहस्पति बाजार की तीन दुकानों को भी सील किया गया है। दुकान सील करने के बाद शटर पर सूचना चस्पा की गई। कोई भी किराएदार बिना राशि पटाए दुकान पर लगी सील को तोड़ता है तो उसके खिलाफ पुलिस में अपराध पंजीबद्ध कराया जाएगा। मंगलवार की दोपहर पहुंची निगम और बाजार विभाग की टीम ने सभी लोगों को इतना समय दिया कि वे अपने जरूरी सामान दुकान से बाहर निकाल सकें। गौरतलब है कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए महिला समृद्धि बाजार बनाया गया। शुरूआत में महिलाओं को ही आवंटित किया गया। नगर ने इन दुकान संचालकों से आठ हजार रुपए जमा करवाकर दुकानों को आवंटित किया और आठ सौ रुपए किराया तय किया था। किराया की राशि हर तीन साल में 15 सौ रुपए बढ़ाने का नियम है लेकिन, किराया की राशि जमा करने में दुकान संचालकों ने ध्यान नहीं दिया और न ही निगम के कर्मचारी वसूली करने पहुंचा। यही वजह है कि किराया की राशि 80 लाख रुपए पहुंच गई है। निगम प्रशासन ने जुलाई 2022 में दुकान संचालकों को नोटिस जारी कर दुकान आवंटन को निरस्त करने की चेतावनी दी थी या समय रहते शेष राशि जमा करने के लिए कहा गया था। इसके बाद भी न राशि जमा की गई और न ही आवंटन निरस्त करने की कार्रवाई हुई। रोजाना महिलाएं दुकान खोल रही हैं।

### नाम महिला का और चला रहे पुरूष

ज्ञात हो कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए महिला समृद्धि बाजार बनाया गया। शुरूआत में महिलाओं को ही आवंटित किया गया। वमर्तमान में अधिकांश दुकानों में पुरूषों का कब्जा हो गया है। पुरूष ही दुकानें चला रहे हैं। दूसरी ओर निगम अफसर नोटिस जारी कर शांत हो जाते हैं। नोटिस संबंधित दुकानों में भेजा गया था, लेकिन यहां दुकान संचालित करने वालों ने बताया कि उन्होंने दूसरे व्यक्ति से दुकान किराये पर ली है। इसके बाद निगम ने जब दुकानों के एलाटमेंट की फाइल खोली तो दुकानों के मालिकों के नाम और पित व पिता के नाम थे, लेकिन उनका पता और संपर्क नंबर तक नहीं था। दुकानों के बाहर नगर निगम अधिकारियों ने नोटिस चस्पा कराया था।

### इन दुकानों पर की गई कार्रवाई

गणेश नगर चौक के पास नगर पालिक निगम द्वारा महिला समृद्धि बाज़ार बनाया गया है जिसमें आबंटित दुकानों में से 10 दुकानदार जिनमें दुकान क्रमांक 53 कल्पना चाकी, 54 भावना शर्मा, 55- वैशाखी शाहा, 57- ज्योति सोनी,58 - पूनम भदराजा, 60 सुनीता देवी, 62- लक्ष्मी देवी,63 - जमुना सोनी, 64 लेखा चौधरी, 74 - सकीना भारमल की दुकानें सील की गईं है। निगम के मुताबिक महिला समृद्धि बाजार की दुकानों के किराए की बकाया राशि 14 लाख 55 हजार 655 रुपए है। इसी प्रकार बृहस्पति बाजार मे दुकान क्रमांक 6 जमुना देवी, 8 सालिकराम ,23 रजनी गुप्ता के नाम से आबंटित है को सील किया गया है। इन दुकानों से निगम को तीन लाख 9278 रुपए वसूलना है।

---

**उसी स्थान पर एसएसपी ने किया था निरीक्षण**

## नशीले इंजेक्शन बेचने आए थे महिला सहित तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

जिस स्थान पर नशीले इंजेक्शन लगाने की शिकायत पर एसएसपी ने निरीक्षण किया था वहीं दो युवक प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन बेचने पहुंचे थे। पुलिस ने दोनों युवकों के साथ ही सप्लायर महिला को भी पकड़ लिया है। उनके पास से 114 नग इंजेक्शन बरामद किया गया है।

- **114 नग नशीले इंजेक्शन जब्त**

पिछले दिनों सोशल मीडिया में जूनी लाइन ज्वाली नाला के पास नशेड़ियों के बैठकर नशे का वीडियों वायरल हुआ था। एसएसपी रजनेश सिंह ने गंभीरता से लेते हुए उक्त स्थान में जाकर निरीक्षण किया गया था। उस दौरान बड़ी संख्या में खाली इंजेक्शन के एम्पुल पड़े हुए मिले थे। प

लिस ने नशा करने वाले कुछ लड़ँकों को पकड़कर प्रतिबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की थी। उसके बाद से कोतवाली पुलिस ने वहां पर मुखबिर लगाकर रखा था। इसी दौरान टीआई देवेश सिंह राठौर को मुखबिर से सूचना मिली कि जूनी लाइन ज्वाली नाला के पास पल्सर क्रमांक सीजी 10 बीएन, 2344 में दो युवक इंजेक्शन रखकर बेचने के लिए आए हैं और ग्राहक का इंतजार कर रहे है। श्री राठौर ने गोकूल जांगड़े, धीरेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र तोमर के साथ मौके पर दबिश दी तो दूर से पुलिस गाड़ी को देखकर दोनों युवक बाइक से भागने लगे।

पुलिस ने पीछा कर दोनों युवकों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर 62 नग नशीले इंजेक्शन मिला। कड़ाई से पूछताछ करने के बाद दोनों युवकों के द्वारा इस इंजेक्शन को घुटकू की एक महिला से खरीदना बताय गयाा। पुलिस ने एण्ड टू एण्ड कार्रवाई करते हुए घुटकू में दबिश देकर महिला को पकड़कर उसके पास से 52 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया है। पुलिस ने महिला सहित तीनों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### पकड़े गए आरोपी

- निकेत वस्त्रकार पिता रामावतार वस्त्रकार 23 साल घुटकू नयापारा
- जयंत वस्त्रकार पिता शिवकुमार वस्त्रकार 22 साल घुटकू नयापारा
- दुर्गा वर्मा पति अश्वनी वर्मा 31 साल घुटकू गोदाम मोहल्ला

---

# सड़कों के बीच खड़े खंबे, हटाने के लिए योजना का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्मार्ट सिटी बने शहर में अभी भी बेतरतीबी से लगाए गए खंबे लोगों के लिए मुसीबत साबित हो रहे है, सालों से लगे खंबों में जहां तारों का जाल मंडरा रहा है, वहीं बीच सड़क पर होने के कारण इससे हादसे का खतरा बना हुआ है लेकिन विभाग को इन्हें हटाने की फुर्सत नहीं है। अब अधिकारी बजट और फंड की कमी के चलते इसे जस का तस छोड़ चुके है।

- **फंड की कमी, हादसे की आशंका को कर दिया गया नजरअंदाज**

शहर के कई सड़कों पर बेतरतीबी से लगाए गए खंबे लोगों की जान ले सकते है। सड़कें चौड़ी होने के बाद बिजली के बड़े-बड़े खंबें सीधे सड़क के बीचों बीच दिखाई देती है, जिससे जान और माल दोनों को नुकसान पहुंच सकता है, लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी इसे किनारे लगाने के लिए योजना का इंतजार कर रहे है। दरअसल विभाग के पास फंड की कमी है, ऐसे में इन खंबों को हटाने के लिए मद की जरूरत है, विभाग की हालत पहले से ही पतली है, जिसके चलते खंबें नहीं हट रहे है। शहर में अमेरी से नेहरू नगर मार्ग, वेयर हाउस रोड, करबला से बसस्टैंड रोड, इंदू चौक, मगरपारा, मंगला, अग्रसेन चौक, सरकंडा मुख्य मार्ग जैसे जगहों पर आम लोगों को आसानी से सड़क पर बिजली के खंबे दिखाई देते है लेकिन विभाग के अधिकारी इसे देखकर भी अनदेखा कर चुके है।



वेयर हाउस रोड पर लगे खंबा।



नेहरू नगर जाने वाली सड़क पर लगे खंबे।

### ये है विडंबना

खास बात यह है कि महज खंबें ही सड़क पर नहीं लगे है, कई ट्रांसफार्मर और जक्शंन बाक्स भी सड़क पर ही दिखाई दे रहे है। दरअसल पहले सड़कें संकीर्ण थी, बेजाकब्जा कर लोगों ने मकान और दुकान बनाए थे, लेकिन हाल ही में नगर निगम द्वारा शहर की कुछ सड़कों को झुग्गी और अवैध कब्जे से मुक्त कर दिया है, जिसके बाद बिजली के खंबे सड़क पर दिखने लगे है। विभाग इसे हटाने का प्रयास तक नहीं कर सका है।

### चिन्हांकित कर हटाएंगे

फंड की कमी रहती है, लेकिन दुर्घटनाकारी खंबों को हटाने के लिए किसी तरह की बाध्यता नहीं है। सर्वे कराकर ऐसे खंबों को चिन्हांकित किया जाएगा और हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

-**श्रीनिवास राजू**, अधीक्षण यंत्री, विद्युत विभाग

---

## बाइक की डिक्की से ढाई लाख चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** व्यापारी के बाइक की डिक्की से 2.50 लाख रुपए चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ लिया है। उसके पास से 1 लाख 90 हजार रुपए जब्त किया गया है। शेष रकम जुआ शराब में खर्च कर देना बताया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

- **आरोपी से 1 लाख 90 हजार रुपए जब्त**

कोरबा उरगा सुखरीकला निवासी किराना व्यापारी महावीर साहू पिता स्व. टीकाराम 23 अगस्त को बाइक क्रमांक सीजी 11 एव्ही, 2136 से सामान खरीदने व्यापार विहार आ रहे थे। उन्होंने फोन कर व्यापार विहार में मजदूरी करने वाले सुंदरलाल धीवर को मिलने के लिए गुरूनानक चौक बुलाया। गाड़ी लोड कराने के लिए व्यापारी साहू ने बाइक की डिग्गी से 2.50 लाख की गड्डी निकालकर 1000 रुपए दिया। उसके बाद नोटो की गड्डी डिक्की में रखकर उसे व्यापार विहार जाने के लिए बाइक में बैठने को बोला। इसी दौरान उक्त युवक होशियारी दिखाते हुए डिक्की से नोटो की गड्डी चोरी कर भाग गया था। मंगलवार को टीआई अभय सिंह बैस ने स्टाफ के साथ जांजगीर में दबिश देकर जांजगीर चांपा कोसमंदा निवासी सुंदरलाल धीवर पिता गोपाल प्रसाद धीवर 35 साल को पकड़ लिया है। उसके पास से 1 लाख 90 हजार रुपए बरामद किया गया है। चोरी करने के बाद उसने अपना 40 हजार देकर कर्जा चुकाया था, जिसे भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।

---

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# ओवरटेक को लेकर कार व बाइक सवार के बीच विवाद

**बिलासपुर।** कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रम के बाद ओवरटेक को लेकर कार व बाइक सवार युवकों के बीच विवाद हो गया। इस पर बाइक सवार युवक ने कार सवार युवक पर चाकू से हमला कर दिया। चाकूबाजी की वारदात से मुख्य मार्ग में हड़कंप मच गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के 8 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

- **युवक पर चाकू से हमला**

मंगलवार को मुंगेलीनाका मैदान में कांग्रेस पार्टी कार्यक्रम चल रहा था। कार्यक्रम सपन्न होने के बाद मंदिर चौक निवासी राजीव बघेल अपने दोस्त के साथ बाइक व मसानगंज निवासी शेख ताहिर अपने साथियों के साथ कार से निकल रहे थे। ओवहरटेक करने व घूर घूर के देखने को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्ष के एक दूसरे के साथ मारपीट करने लगे। बाइक सवार राजीव बघेल ने कमर में दबाकर रखे चाकू निकालकर शेख ताहिर पर हमला कर दिया। जिससे उसके हाथ में चोट आई है। सरेराह चाकूबाजी व मारपीट से मुख्य मार्ग में हड़कंप मच गया। कार सवार युवकों ने चाकू से हमला करने वाले युवक को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों पक्ष से घायलों को थाने ले जाकर मुलाहिजा कराया गया है। पुलिस ने एक पक्ष से हमलावर राजू बघेल, प्रतीक, आकाश, पवन, प्रांजल, विक्रम व दूसरे पक्ष से शेख, ताहिर, मोहम्मद हसन को गिरफ्तार कर दोनों पक्ष की रिपोर्ट पर मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।



### वीडियो में दिख रहा चाकू

चाकू से हमला होने पर मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई और मोबाइल से वीडियो बनाने लगे और सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। जिससे राजीव बघेल कमर में चाकू दबाए नजर आ रहा है। वहीं दूसरे पक्ष के युवक के पास चाकू गिरते नजर आ रहा है।

### ओवरटेक को लेकर विवाद

कार्यक्रम संपन्न होने के बाद शामिल होने आए युवकों के बीच ओवहरटेक की बात को लेकर आपसी विवाद हुआ है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ मारपीट की और हाथ में रखी नुकीली वस्तु से चोट पहुंचाई गई है।

-**निमितेश सिंह परिहार**
सिविल लाइन सीएसपी

